3- APRIL- BSP- PG-1_Layout 1 4/4/2024 12:39 AM Page 1


तापमान

अधिकतम 39.8 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 4 अप्रैल 2024

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]




लोकसभा चुनाव को देखते हुए शहर के चारों ओर अस्थाई जांच केंद्र बनाए जा रहे हैं। अब इन केंद्रों में संदिग्ध वाहनों की जांच होगी।

## सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ 5 महीनों से नहीं की जा रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई करने में निगर निगम अधिकारी रूचि नहीं ले रहे हैं। यही कारण है कि केन्द्र सरकार के सिंगल यूज प्लास्टिक कंम्प्लायंस पोर्टल पर पिछले 5 महीने में कार्रवाई की कोई जानकारी अपलोड नहीं की गई है। इसके साथ ही पूर्व में नगर निगम की ओर से जब्त की गई सिंगल यूज प्लास्टिक भी जोन कार्यालयों से गयाब हो गई है।

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 1 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही नगरीय निकायों को इसके खिलाफ लगातार कार्रवाई करने और इसकी जानकारी सिंगल यूज प्लास्टिक कंम्प्लायंस पोर्टर में प्रतिदिन की जानकारी अपलोड करने का फरमान जारी किया था। नगर निगम ने शुरूआत में कुछ जगहों पर सख्ती भी दिखाई। कार्रवाई में निगम ने करीब एक क्विंटल से अधिक सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की थी और लगभग 62 हजार रुपए जुर्माना वसूल किया था। इसके बाद सब ठंडे बस्ते में चला गया। पिछले 5 महीने से सिंगल यूज प्लास्टिक कंम्प्लायंस रजिस्टर में किसी प्रकार की एंट्री नहीं हुई है। अब नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को फरमान जारी कर सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ प्रतिदिन कार्रवाई करने और इसकी जानकारी पोर्टल पर अपडेट करने के आदेश जारी किए हैं।

- इधर जब्त की गई प्लास्टिक भी जोन आफिसों से गायब
- प्लास्टिक कंम्प्लायंस पोर्टल पर कार्रवाई की कोई जानकारी अपलोड भी नहीं

### माल, मार्केट में कार्रवाई ही नहीं

मुख्यालय के आदेश के तहत नगर निगम को अपने अधिकार क्षेत्र के मुख्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में माल, मार्केट, प्लेस, शॉपिंग सेंटर्स, सिनेमा हाउस, टूरिस्ट लोकेशन, स्कूल, कॉलेजे, ऑफिस काम्प्लेक्स, हास्पिटल, अन्य संस्थानों के साथ ही प्लास्टिक के स्टॉकिस्ट, रिटेल्स, सेलर, वेन्डर्स,वेजिटेबल, फूट मार्केट और मॉल समेत अन्य संस्थानों की सूची बना कर पोर्टल पर इसकी जानकारी अपलोड करनी थी। ऐसा लेकिन नहीं किया गया।



### जब्त प्लास्टिक भी हो गई गायब

इसके साथ ही जोन कार्यालयों में जब्त की गई सिंगल यूज प्लास्टिक को रखा गया था। इसके बाद देवकीनंदन दीक्षित स्कूल में डंप करने के फरमान के बाद जब जोन कार्यालयो में जब्त हुई सिंगल यूज प्लास्टिक को निकाला गया तो अधिकांश प्लास्टिक गायब थी। साफ है निगम के जोन कार्यालयों से जब्त की गई प्लास्टिक को फिर से बाजार में पहुंचा दिया गया।

### कार्रवाई के लिए गठित टीम का पता नहीं

सिंगल यूज प्लास्टिक को बंद कराने के लिए सार्वजनिक और निजी संस्थानों समेत निर्धारित किए गए स्थानों पर कार्रवाई के लिए टीम का गठन करना था और नियमित रूप से निरीक्षण कर कार्रवाई करनी थी। सभी काम फील्ड इस्पैक्शन ऐप के साथ किए जाने थे, जिसमें एप के लिए यूजर, आईडी और पासवर्ड पूर्व में एसयूबी मॉनिटरिंग पोर्टल अंर्गत फिल्ड इस्पैक्टर के लिए जनरेट किए गए थे। साथ ही साथ इस्पैक्शन रिपोर्ट भी मॉनिटरिंग पोर्टल में अपलोड की जानी थी। इसमें लेकिन लापरवाही बरती गई। इसके साथ ही एकल उपयोग प्लास्टिक प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ जानकारी मिलने पर लगातार कार्रवाई करने के साथ एक्शन टेकन रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करनी थी। इस कार्रवाई, जब्ती और जुर्माने की राशि को पोर्टल पर अपलोड करने था।

### कार्रवाई की जाएगी

सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई के लिए सभी जोन कमिशनरों को निर्देश पहले ही दे दिए गए हैं। इसमें पोर्टल पर जानकारी अपलोड करने का काम भी शामिल है। जोन कार्यालयों से जब्त किए गए प्लास्टिक गायब होने की जानकारी नहीं है। ऐसा हुआ है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

- **खजांची कुम्हार**, डिप्टी कमिश्नर

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय आज शहर में

**बिलासपुर।** बेलतरा में 4 अप्रैल को आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बिलासपुर आएंगे। वे राजनांदगांव में नामांकन रैली में शामिल होने के बाद दोपहर 2.35 बजे हेलीकॉप्टर से बिलासपुर के लिए रवाना होंगे। वे दोपहर 3.10 बजे साइंस कॉलेज के हेलीपेड ग्राउंड में उतरेंगे। यहां से वे कार से अशोक वाटिका बिरकोना में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद दोपहर 4.20 बजे साइंस कॉलेज के हेलीपेड ग्राउंड के लिए निकलेंगे और रायपुर के लिए रवाना होंगे। सम्मेलन में डिप्टी सीएम अरुण साव, मंत्री दयाल दास बघेल, विधायक अमर अग्रवाल, धरम लाल कौशिक, धरम जीत सिंह, पुन्नू लाल मोहले, सुशांत शुक्ला, लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू, अरुण सिंह चौहान, कृष्णमूर्ति बांधी, रजनीश सिंह, हर्षिता पाण्डे सहित जिले के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।



### कलेक्टर आज सभी प्राचार्यों की लेंगे बैठक

**बिलासपुर।** स्कूलों के बेहतर संचालन और बच्चों के प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में आज कलेक्टर अवनीश कुमार शरण शिक्षा विभाग के प्राचार्यों की बैठक लेंगें। कलेक्टोरेट के मंथन कक्ष में दोपहर 2 बजे के बाद ये बैठक शुरू होगी। इसमें स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रवेश, डीएवी और शिक्षा के अधिकार के तहत आवेदन प्रकिया के संबंध में जानकारी ली जाएगी। इसमें जिला शिक्षा अधिकारी के साथ सभी खंड शिक्षा अधिकारी और नोडल अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

### सिम्स में आज नए छात्रों की व्हाइट कोट सेरेमनी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स में गुरूवार को एमबीबीएस में प्रवेश लेने वाले नए छात्रों के लिए व्हाइट कोट सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। सिम्स मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.के.के. सहारे ने बताया कि व्हाइट कोट समारोह मेडिकल छात्रों के लिए एक अनुष्ठान है। समारोह के दौरान प्रत्येक छात्र के कंधों पर एक सफेद कोट रखा जाता है और हिप्पोक्रेटिक शपथ पढ़ी जाती है, जो उनके प्रवेश का प्रतीत है। इसमें उन्हे यह कहा जाता है कि वो केवल छात्र नहीं है, बल्कि प्रशिक्षणरत चिकित्सक भी है। अगले चार वर्षों में वो जो कुछ भी सीखते है वह इस बात में प्रत्यक्ष भूमिका निभाता है कि वो अपने मरीजों की कैसे मदद करेंगे। उनका ये सफेद कोट जीवन भर मानवता की सेवा करने प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं।

### छात्रों ने एयू में किया आंदोलन

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी द्वारा बुधवार को यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग में छात्र-छात्राओं को हो रही विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर आंदोलन किया गया। अटल यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग में कई तरह की समस्याओं का सामना छात्रों को करना पड़ रहा है। इसलिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा 15 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन किया गया और यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार के समक्ष रखा गया। छात्रों का कहना है कि यूनिवर्सिटी द्वारा छात्रों से स्टूडेंटस कौंसिल का जो फीस लिया जाता है उसकी जानकारी दी जाए और फिजिकल एजुकेशन का जो फीस 2019 से लिया जाता है जबकि कोई फिजिकल एजुकेशन नहीं दिया जाता, उसकी जानकारी साझा किया जाए। यूनिवर्सिटी में प्लेसमेंट आना बंद ही हो चुका है।

### तीन साल तक करना है मेंटेनेंस लेकिन आबाद होने से पहले ही बरबाद



जतिया तालाब में स्थापित टूटी मूर्तियां।



पाथवे पर उगी घास जिसकी सफाई नहीं होती।



बच्चों के लिए बनाया गया झूला टूटा।

### नशाखोरों का बना अड्डा, बंद पड़ा फूड कोर्ट, पुतले टूट गए, पेंटिंग बदरंग

## 9 करोड़ का जतिया तालाब हैंडओवर ही नहीं ठेका कंपनी को साढ़े 6 करोड़ का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

9 करोड़ रुपए में बना जतिया तालाब आबाद होने से पहले बरबाद होने लगा है। इस तालाब को संवारने का ठेका अविनाश बिल्डकान ने लिया था। साथ ही शर्त थी कि तीन साल तक उसका मेंटेनेंस भी ठेका कंपनी द्वारा किया जाएगा, लेकिन अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। खास बात है कि ठेकेदार ने तालाब को निगम और स्मार्टसिटी को हैंडओवर भी नहीं किया है और उसे करीब 6.50 करोड़ का भुगतान कर दिया गया। अभी तालाब का निर्माण अधूरा है और अंदर की अधिकांश लाइटें बंद है। तालाब नशाखोरों के अड्डे के रूप में तब्दील हो रहा है। फूड कोर्ट तो अभी तक खुला ही नहीं है। चार वाटर फाउंटेन से आकर्षण बढ़ने की बात थी लेकिन यह बंद पड़ा है क्योंकि तालाब में पानी ही नहीं है।

जतिया तालाब में सैर के लिए पहुंचने वाले लोगों को निराशा ही हाथ लग रही है। तालाब की हालत यह है कि उसका एक हिस्सा सूखा और दूसरे हिस्से में नाले का पानी भरा है। गंदगी के कारण काई जमने लगी है। इस तालाब में बच्चों के लिए जहां प्ले एरिया बनाया गया है, वहीं बड़ों के लिए ओपन जिम और बुजुर्गों के लिए वाक-वे बनाया गया गया है लेकिन दोनों बदहाल है। जिम में इक्का दुक्का सामान लगाए गए हैं। तालाब के चारों ओर बाउंड्रीवाल बनाकर परिसर को सुरक्षित किया जाना था लेकिन सुबह से लेकर शाम तक कभी भी असमाजिक तत्वों का अड्डा देखा जा सकता है। कोई गार्ड यहां नहीं रहता। परिसर में लगा म्यूजिकल सिस्टम और ओपन थिएटर चालू ही नहीं है। सीसीटीवी कैमरे कहां लगे हैं किसी को पता नहीं।




तालाब में फैली गंदगी, पानी भी नहीं।

### जानकारी मांगी गई

स्मार्ट सिटी के तहत जिन भी तालाबों का सौंदर्यीकरण किया गया है, उसकी जानकारी संबंधित इंजीनियरों से मंगाई गई है। यह भी देखा जा रहा है कि अब तक कितनी राशि इन तालाबों के उन्नयन पर खर्च हो चुकी है। जतिया तालाब का जल्द ही निरीक्षण किया जाएगा। कहीं भी किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या लापरवाही पाई गई तो तत्काल कार्रवाई होगी।

- **अमित कुमार**
एमडी, स्मार्ट सिटी

### एसटीपी को चालू करने ट्रांसफार्मर नहीं लगा

जतिया तालाब में पहुंचने वाले पानी को फिल्टर करने के लिए 150 केएलडी क्षमता का एसटीपी बनाया गया है, जो पानी को ट्रीट करके तालाब में छोड़ेगी। वह महीनों से बंद है। इसे चालू करने के लिए बिजली की समस्या है। निगम के मुताबिक ट्रांसफार्मर के लिए डिमांड भेजा गया है। तालाब के अंदर घास व झाड़ियां उग आई हैं जिसे साफ करने वाला कोई नहीं है। सैर के लिए आने वालों के लिए फूड कोर्ट का निर्माण किया गया है, जो लोकार्पण के 6 महीने बाद भी वह खुल नहीं पाया है।

### सौंदर्यीकरण पर खर्च की गई सामग्री कबाड़

इस तालाब के सौंदर्यीकरण पर करीब 3 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। इसमें वाल पेंटिंग से लेकर पुतले लगाए गए हैं। लगभग सभी पुतले टूट गए हैं तो पेंटिंग बदरंग हो रही है। इसके साथ ही सौंदर्यीकरण के नाम पर खर्च की गई दूसरी सामग्री कबाड़ हो चुकी है और जल संरक्षण का उद्देश्य पूरा होते नजर नहीं आ रहा है। साथ ही एक करोड़ रुपए खर्च करने के बाद पानी उपयोग के काबिल नहीं है। यही नहीं मोहल्ले के लोग भी कचरा फेंक रहे हैं।

### पुलिस ने भी देखना छोड़ दिया

तालाब में लाखों रुपए खर्च कर सौंदर्यीकरण किया गया है, वहीं यहां कचरा भी फेंका जा रहा है। पुलिस की कार्रवाई नहीं होने से यहां अपराधी जमे रहते हैं, कई बार तालाब में चोरी का सामान फेंक दिया जाता है, वहीं जगह जगह शराब की बोतलें भी नजर आती रहती हैं। यदि पुलिस इस इलाके में कार्रवाई करे और लगातार गश्त हो तो कम से कम अपराधी इस तालाब से दूर रहेंगे।

दुष्कर्म पीड़िता बच्ची के परिजन को हाईकोर्ट ने दी राहत

## ढाई लाख रुपए का मुआवजा दो दिन में देने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने दुष्कर्म पीड़िता बच्ची के परिजन को ढाई लाख रुपए का मुआवजा तत्काल दिए जाने का आदेश जारी किया है। यह राशि राज्य शासन द्वारा जिला विधिक प्राधिकरण के माध्यम से दी जाएगी। कोर्ट ने दो दिनों में यह राशि देने के बाद कोर्ट को सूचित भी करने कहा है। अगली सुनवाई 5 अप्रैल को होगी।

गौरतलब है कि बिलासपुर में 3 साल की बच्ची से दुष्कर्म की वारदात हुई थी। गंभीर हालत में जब मासूम को लेकर परिजन सिम्स अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टर्स ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद सिम्स अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा भी हुआ था। मामले में आरोपी भी नाबालिग है, जिसकी उम्र 15-16 साल की है। बच्ची का परिवार आरोपी के घर किराए से रहता है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हाईकोर्ट ने मामले में स्वतः संज्ञान लिया था। ध्यान रहे कि इस घटना के बाद लोगों ने आंदोलन भी किया था। अधिकारियों ने इस दौरान 10 लाख रुपए देने की घोषणा की थी। इसमें ढाई लाख रुपए तत्काल और बाकी साढ़े सात लाख रुपए प्रकरण के फैसले के बाद मिलना है। ढाई लाख रुपए देने में भी देरी की गई। यहां तक कि परिजनों के मुताबिक उधार लेकर अंतिम संस्कार किया गया। हाईकोर्ट ने मामले में राज्य शासन से जवाब मांगा था। हाईकोर्ट की दखल के बाद मुआवजे के साथ ही दूसरी प्रक्रियाओं में तेजी आई। बुधवार को हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने आदेश जारी किया कि दुष्कर्म पीड़िता बच्ची को ढाई लाख रुपए का मुआवजा दो दिनों में देते हुए इसकी जानकारी कोर्ट का उपलब्ध कराई जाए।



### अगली सुनवाई 5 को

## तापमान 40 डिग्री, अब सताने लगी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अप्रैल के पहले सप्ताह में ही गर्मी ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। सुबह से तेज धूप निकल रही है, दोपहर होते होते तापमान 40 डिग्री पहुंच रहा है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग घरों में एसी, कूलर का सहारा ले रहे हैं, लेकिन लगातार बंद होने वाली बिजली के कारण राहत नहीं मिल पा रही है।

बुधवार को शहर का अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान राजनांदगांव में 41 डिग्री दर्ज किया गया। रायपुर के माना में 40.2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। इसी तरह पेंड्रारोड में 37.9, अंबिकापुर में 37.4 और जगदलपुर में 38.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एचपी चंद्रा ने बताया कि पश्चिम हवा के प्रभाव बढ़ने के कारण प्रदेश में 3 अप्रैल को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि संभावित है। 6 अप्रैल से वर्षा का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। पिछले कुछ दिनों से लगातार बढ़ती गर्मी के बीच शहरी क्षेत्र में बिजली की समस्या बढ़ती जा रही है। एक ओर लोग एसी, कूलर के सहारे गर्मी से राहत पाने का प्रयास करते हैं, दूसरी ओर लोड बढ़ने के कारण किसी भी इलाके की बिजली बंद हो जाती है।

### हायर सेकेण्डरी स्कूल के बच्चों को अब भी झेलनी पड़ेगी दोपहर की गर्मी

## डीईओ व डीपीआई के आदेश में अंतर, बच्चों को राहत, बड़ों को गर्मी का कहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी बढ़ने के साथ ही स्कूल की समय सारणी में बदलाव की मांग अभिभावक कर रहे थे। ऐसे में दो दिन पहले जिला शिक्षा अधिकारी ने एक आदेश भी जारी किया, जिसमें सभी निजी और सरकारी स्कूलों का संचालन केवल एक पाली यानी सुबह 7:30 से 11:30 बजे तक ही किया जाना था, लेकिन अब दो दिन बाद ही डीपीआई ने एक नया आदेश जारी कर दिया है। इसमें अब सभी स्कूलों को दो पाली में संचालित करने कहा गया है। इसमें प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला को सुबह 7 से 11 और हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल को 11 बजे ये 3 बजे तक संचालित करने का निर्देश है। ऐसे में छोटे बच्चों को तो गर्मी से राहत मिल जाएगी। लेकिन बड़े बच्चों को अभी भी इसका कहर सहना पड़ेगा। क्योंकि 11 बजे से लेकर 3 बजे तक ही सर्वाधिक गर्मी महसूस होती है। ऐसे में इस आदेश से अभिभावक नाराज है। उनका कहना है कि इस आदेश में तो बच्चों को गर्मी से राहत जैसी कोई बात ही नहीं दिखाई दे रही है।

### शासन का आदेश आज से लागू

जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू का इस आदेश पर कहना है कि ये आदेश डीपीआई यानी शासन स्तर से आया है। संयुक्त संचालक से इस पर पहले ही चर्चा हुई थी। उन्होंने शासन से आदेश आने का इंतजार करने कहा था, लेकिन अभिभावकों की मांग पर 2018 के आदेश के अनुसार हमने आदेश दे दिया था। अब 4 अप्रैल से सभी स्कूलों को इसी आदेश के अनुसार संचालन करना होगा।



स्कूल की छुट्टी होने के बाद भीषण गर्मी में परिजन के साथ घर जाते बच्चे।

### 9 की जगह 10 को चेट्रीचंड्र की छुट्टी, असमंजस में अफसर

शासन ने 11 अक्टूर 2023 को वर्ष 2024 के लिए अवकाश घोषित किया था। इसमें 9 अप्रैल 2024 को चेट्रीचंड्र की छूट्टी दी गई थी। लेकिन लेकिन 16 मार्च 2024 को सामान्य प्रशासन विभाग ने इस छुट्टी में बदलाव करते हुए। 9 अप्रैल की छूट्टी को 10 अप्रैल कर दिया है। जानकारी के अनुसार 10 अप्रैल को इलेक्शन की ट्रेनिंग है, इसमें शिक्षकों सहित अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगी है, अब 10 को ट्रेनिंग होगी या नहीं, यह स्पष्ट नहीं किया गया है। इसी तरह 10 अप्रैल को यूनिवर्सिटी की परीक्षा भी है। इस दिन होने वाली परीक्षाओं की तिथि आगे बढ़ाई जाएगी या नहीं, विवि ने भी इसकी घोषणा नहीं की है।

3- APRIL -BSP- pg- 2_Layout 1 4/4/2024 12:36 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### बैठक में सिंधी पंचांग विमोचन को लेकर चर्चा

**बिलासपुर।** सिंधु मित्र मण्डल द्वारा इस वर्ष भी सिंधी समाज के विभिन्न पर्वों की संपूर्ण जानकारी, विवरण वाला पंचांग का विमोचन शीघ्र किया जाएगा। इस संदर्भ में संस्था की बैठक हुई। संस्था के अध्यक्ष गोवर्धनदास वाधवानी ने बताया कि इसका विमोचन श्री सिंधु अमरधाम आश्रम झूलेलाल मंदिर चकरभाटा के संत सांई लाल दास, डेरा संत बाबा थाहिरिया सिंग धन गुरु नानक दरबार उल्हासनगर के साईं जसकीरत सिंग एवं शदाणी दरबार रायपुर के संत डॉ. युधिष्ठिर लाल द्वारा कराया जाएगा। बैठक में डॉ. हेमंत कलवानी, बृजलाल नागदेव, जगदीश जज्ञासी, श्रीचंद दयालानी, दिलीप जगवानी आदि उपस्थित थे।

### नि:शुल्क पेंटिंग प्रशिक्षण शिविर 7 से

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य महासभा ट्रस्ट द्वारा 15 दिवसीय नि:शुल्क पेंटिंग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 7 अप्रैल से किया जा रहा है। इसमें 1 से लेकर 15 वर्ष तक के छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। वैश्य महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने बताया कि प्रशिक्षण जूना बिलासपुर में शाम 5 से 6 बजे तक रखा गया है।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में 50% सीट बालिकाओं के लिए आरक्षित, 10 से आवेदन, निकालेंगे लॉटरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूलों में प्रवेश के लिए 10 अप्रैल से आवेदन मिलने शुरू हो जाएंगे, जिसे 5 मई तक जमा किया जा सकेगा। इसके बाद 5 से 10 मई के बीच प्रवेश के लिए लॉटरी निकाली जाएगी और 11 से 15 मई के बीच एडमिशन होंगे।

एक छात्र सिर्फ एक ही स्कूल के लिए आवेदन कर सकेगा। बालिकाओं के 50 फीसदी सीट आरक्षित किए जाएंगे। इसके बाद जो सीट बचेगी, उनमें एडमिशन होंगे। इसमें आरक्षण रोस्टर का भी पालन किया जाएगा। इसके साथ ही महतारी दुलारी योजना के तहत जिन बच्चों के माता-पिता नहीं हैं, उनके लिए हर क्लास में 6 से 7 सीट आरक्षित रहेंगी। स्कूल प्रबंधन सीधे इन्हें एडमिशन देगा। पहली कक्षा में प्रवेश के लिए बच्चों की उम्र साढ़े 5 साल से साढ़े 6 साल के बीच होनी चाहिए। कक्षा-1 में प्रवेश के लिए उम्र की गणना 31 मई 2024 के आधार पर होगी। कक्षा 2 से 12 वीं तक अंग्रेजी मीडियम के बच्चों का ही एडमिशन होगा। इसका सत्यापन उनकी टीसी और मार्क-शीट से किया जाएगा।




- जिले में 34 विद्यालय एक छात्र, एक ही स्कूल में कर सकेगा अप्लाई, लॉटरी निकालकर मिलेगा एडमिशन

### अब शिक्षा विभाग करेगा स्कूलों का संचालन

नए सत्र से इन स्कूलों का संचालन स्कूल शिक्षा विभाग करेगा। अब तक ये स्कूल कलेक्टर की अध्यक्षता वाली समिति से संचालित हो रहे थे। चर्चा ये भी है कि प्रदेश में आगामी शिक्षक भर्ती इन स्कूलों में भी हो सकती है। 10 अप्रैल से सेजस पोर्टल शुरू हो जाएगा। इसके माध्यम से आवेदन किए जा सकेंगे।

### पहले के अंग्रेजी स्कूलों के बच्चों को भी प्राथमिकता

संचालनालय की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि स्वामी आत्मानंद में पहले से चल रहे अंग्रेजी माध्यम के 152 प्राइमरी और 153 मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों को कक्षा 6 वीं और 9 वीं में प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाएगा। स्कूल की क्षमता के अनुसार प्रवेश देने का अधिकार कलेक्टर की अध्यक्षता वाली सोसाइटी को होगा।

### पिछली बार कई आवेदन हुए थे निरस्त

शिक्षा विभाग की ओर से जारी निर्देश के अनुसार, आवेदन ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यम में भरे जा सकते हैं। एडमिशन के लिए एक छात्र एक ही स्कूल में आवेदन कर सकता है। पिछली बार कई बच्चों के नाम 3 से 4 स्कूलों में भी शामिल थे, जिन्हें निरस्त कर दिया गया था।

### जिले में 13 हिन्दी और 21 अंग्रेजी स्कूल

बिलासपुर में अभी 21 अंग्रेजी और 13 हिंदी माध्यम स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित हैं। सभी स्कूलों में 50-50 सीटें हैं। प्रदेश में इन स्कूलों की संख्या 403 हैं। पिछली बार नए स्कूलों में केवल पहली से 9 वीं तक 40-40 सीटों पर ही प्रवेश हुए थे। इनमें कक्षा पहली के लिए ही हर स्कूल में 500 से 800 आवेदन आए थे। शहर क्षेत्र के सभी स्कूलों में प्रवेश के लिए मारामारी थी जबकि ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों के लिए बच्चे ही नहीं मिल रहे थे।

### लिया जाएगा आवेदन

आत्मानंद स्कूलों में 10 अप्रैल से ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन शुरू होगा। एक छात्र केवल एक ही स्कूल में आवेदन कर सकता है। यदि एक से अतिरिक्त आवेदन करता है तो आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। सीट से अधिक आवेदन आने पर एडमिशन लॉटरी निकालकर दिया जाएगा।

- टीआर साहू, डीईओ बिलासपुर

# मोपका में निगम की टीम ने ढहाया अवैध बाउंड्रीवाल

**शनिचरी क्षेत्र में सड़क से अतिक्रमण हटाने को लेकर मचा हंगामा**


अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करती नगर निगम की टीम।

**बिलासपुर।** नगर निगम की अतिक्रमण शाखा टीम द्वारा बुधवार को मोपका क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की। मोपका धान मंडी के पास जिस जमीन पर नगर निगम द्वारा अवैध प्लाटिंग, निर्माण को लेकर पूर्व में कार्रवाई की गई थी, वहां पर अवैध तरीके से फिर से बाउंड्रीवाल खड़े कर दी गई थी, जिसे जेसीबी की मदद से ढहा दिया गया।

नगर निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार मोपका में धान मंडी रोड में बीच में अवैध निर्माण, अवैध प्लाटिंग के संबंध में तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई थी। यहां पर शासकीय भूमि पर कुछ लोगों द्वारा बेजा कब्जा कर निर्माण करा लिया गया था, जिसे निगम व राजस्व विभाग के टीम द्वारा मिलकर कार्रवाई कर हटवाया गया था। लेकिन मोपका धान मंडी के पास मनीष ओबरानी नामक व्यक्ति द्वारा शासकीय जमीन अवैध तरीके से प्रीकास्ट की बाऊंड्रीवाल खड़ा कर शासकीय जमीन को घेरा गया था। निगम की अतिक्रमण शाखा टीम आज जेसीबी मशीन के साथ मौके पर पहुंची और तोड़फोड़ की कार्रवाई करते हुए बाउंड्रीवाल को ढहा दी। इस कार्रवाई के बाद अतिक्रमण शाखा की टीम सड़क पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने शनिचरी क्षेत्र पहुंची, जहां सड़क पर ककड़ी, कलिंदर से लेकर फल, सब्जी आदि ठेले वाले सड़क पर दुकान चला रहे थे। इस पर कार्रवाई करते हुए कई ठेलों को जप्ती बनाया गया है, वहीं कुछ ठेले वाले भाग खड़े हुए। दुकानों के बाहर रखे सामानों को भी हटवाया गया। इस कार्रवाई के दौरान वहां पर हंगामा भी मचा और ठेले, दुकान वालों ने कार्रवाई को लेकर हल्ला भी मचाया।




बिलासपुर संभाग का पहला ISO 29990:2010 प्रमाणित संस्थान

**MAHAMAYA PVT ITI GROUP**



Admission Open 2024-25

योग्यता -10वीं /12वीं पास
(नियमित/पत्राचार) ओपन / स्वाध्यायी

◆ छत्तीसगढ़ ◆ उड़ीसा
उपलब्ध कोर्स

| क्र. | कोर्स | वर्ष | न्यूनतम आयु |
|---|---|---|---|
| 1. | विद्युतकार | 2 वर्ष | 16 वर्ष |
| 2. | फीटर | 2 वर्ष | --"-- |
| 3. | कोपा | 1 वर्ष | --"-- |
| 4. | वेल्डर | 1 वर्ष | --"-- |
| 5. | डीजल मैकेनिक | 1 वर्ष | --"-- |


MR. SHATRUHAN SAHU
Secretory
Mahamaya Pvt. ITI


SMT. SANTOSHI SAHU
Director
Mahamaya Pvt. ITI

**महामाया आई.टी.आई.**
बस स्टैण्ड, रतनपुर | अशोक नगर (खमतराई) बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 98271-05246, 99814-45780, 97534-33122, 99071-31896



।। ऊँ श्री भैरवाय नम: ।। ।। ऊँ श्री भैरवाय नम: ।। ।। ऊँ श्री भैरवाय नम: ।। ।। ऊँ श्री भैरवाय नम: ।। ।। ऊँ श्री भैरवाय नम: ।। ।। ऊँ श्री भैरवाय नम: ।। ।। ऊँ श्री भैरवाय नम: ।। ।। ऊँ श्री भैरवाय नम: ।। ।। ऊँ श्री भैरवाय नम: ।। ।। ऊँ श्री भैरवाय नम: ।।



घृत ज्योति कलश 2100/- रु.
तेल ज्योति कलश 701/- रु.

**श्री सिद्ध तंत्र पीठ भैरव बाबा मंदिर, रतनपुर**

बासंती (चैत्र) नवरात्रि पर्व 09.04.2024 से 17.04.2024

विशेष :- मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष अष्टमी को श्री भैरव जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाता है जिसमें धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। | प्रतिदिन भंडारा | मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना एवं विसर्जन मुख्य ज्योति कलश के साथ होगे।

निम्न स्थानों से मनोकामना ज्योति रसीद प्राप्त करें :- सिद्ध पीठ श्री भैरव बाबा मंदिर कार्यालय, रतनपुर, शिव स्वीट्स, नया बस स्टैण्ड- रतनपुर, सुभाष किराना स्टोर्स पुराना बस स्टैण्ड, रतनपुर विजय साउण्ड सर्विस. महामाया चौक, रतनपुर, दुबे कैसेट सेंटर भैरव बाबा मंदिर, रतनपुर, विजय ज्वेलर्स, मेनरोड कटघोरा, जायसवाल मेडिकल स्टोर्स पुराना बस स्टैण्ड, कोरबा, अग्रवाल मोबाईल- मुंगेली नाका, बिलासपुर मिश्रा पुस्तकालय-गोल बाजार बिलासपुर, विनोद गोरख ज्वाली पुल के पास, बिलासपुर, नीलकंठ रेस्टोरेंट-प्रताप चौक, बिलासपुर, रवि तम्बोली (सोनू), करैहापारा रतनपुर, पं. महेश्वर पाण्डेय हांफा बिलासपुर, महामाया अनाज भण्डार छूराकछार, कोरबा, भारत होजियरी हाउस पुराना बस स्टैण्ड, बिलासपुर, गणेश थवाईत बस स्टैण्ड, वैष्णव न्यूज एजेन्सी- पाली जगन्नाथ थवाईत जमनीपाली।


पीठाधीश पंडित जागेश्वर अवस्थी
मुख्य पुजारी
प्रमुख श्री सिद्ध तंत्र पीठ भैरवबाबा मंदिर
रतनपुर, मो. 96690-24000



**सिद्ध शक्तिपीठ श्री महामाया देवी मंदिर ट्रस्ट**

रतनपुर (बिलासपुर छ.ग.) 495442 फोन: 07753-255526 मो. 7415617816
www.mahamayaratanpur.com, gmail- mahamayaratanpur2010@gmail.com


श्री महामाया देवी

बासंती (चैत्र) नवरात्रि पर्व 09.04.2024 से 17.04.2024

चैत्र शुक्ल 01 मंगलवार दिनांक 09 अप्रैल 2024 : पूर्वान्ह : 11.34 बजे से
मांगलिक स्नान, द्वारपूजन, धूपपरिक्रमा, घटस्थापन देवी षोडशोपचार पूजन, मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्ज्वलन, शतचण्डी यज्ञ, श्रीमद भागवतादि पाठ।

चैत्र शुक्ल 08 मंगलवार दिनांक 16 अप्रैल 2024 : मध्यान 2.00 बजे से
धूपपरिक्रमा, यज्ञवेदी पूजन, पुण्याहवाचन महाष्टमी पूजन, अष्टमी हवन रात्रि 07:30 बजे, पूर्णाहूति एवं यज्ञशांति पुष्पाजंलि

चैत्र शुक्ल 9 बुधवार दिनांक 17 अप्रैल 2024 : महानवमी पूजन
राजसी श्रृंगार, पूर्वान्ह 11.00 बजे राजसी नैवेद्य, कन्याभोज, ब्रह्मभोज अपरान्ह 03.30 बजे विसर्जन।

प्रतिदिन सायं लाइव आरती दर्शन - You Tube

SBI BANK ONLINE HDFC BANK
QR स्केन कर मनोकामना ज्योति कलश घृत/तेल/दान कर सकते है।


श्री लखनी देवी

**मनोकामना ज्योति कलश**

ज्योतिकलश तेल 700/- घृत 2100/-

आजीवन ज्योतिकलश तेल 31000/- घृत 51000/-

श्रीमद् भागवत कथा पं. नीरज भूषण जी मिश्रा भागवताचार्य

श्री लखनीदेवी मंदिर मंगलकामना जवारा 150/- रूपये

माता सेवक जसगीत रात्रि 09.00 बजे से

नि: शुल्क भण्डारा

**मनोकामना ज्योतिकलश रसीद प्राप्ति की अधिकृत स्थान**

रतनपुरः- सिद्ध शक्तिपीठ श्री महामायादेवी मंदिर ट्रस्ट, मोतीचंद जायसवाल, मनराखन जायसवाल (अधिवक्ता), संतोष शुक्ला, धर्मेन्द्र चंदेल, शैलेन्द्र जायसवाल, किसन तम्बोली, आनंद जायसवाल, शिव स्वीट्स एवं पान भण्डार, अमृतपान भण्डार, अग्रवाल क्लाथ स्टोर, श्रीराम मेडिकल स्टोर, कौशिक स्टेश्नरी एवं जनरल स्टोर्स, विजय साउण्ड सर्विस, श्री मेडिकल, डी.सी. यादव मेंडराः- सतीश शर्मा भरारीः- शशि कुमार मिश्रा, बिलासपुरः- आशीष सिंह ठाकुर अध्यक्ष, निवास - नेहरू नगर, बृजमोहन अग्रवाल-विद्यानगर, आदित्य द रेमण्ड शॉप-लिंकरोड, सोनथलिया एजेंसी-व्यापार विहार, मौसाजी स्वीट्स गोलबाजार, विनोद गोरख-जूना बिलासपुर, अरूण शर्मा-वैशालीनगर फेस-2, राजेश कपिश शर्मा-एल-10 गली शेषकॉलोनी विनोबानगर, हिन्दुस्तान सेनेटरी एंड हार्डवेयर स्टोर्स - गांधी प्रतिमा, शक्ति सिंह ठाकुर सरकण्डा, चेतनधर शर्मा (किलावार्ड जूना बिलासपुर), महामाया प्रापर्टी डीलर - मध्यनगरी चौक, भारत होजियरी - पुराना बस स्टैण्ड, अभिषेक ट्रेंडिग कम्पनी - शास्त्री मार्केट, श्रीवाच हाउस - गोलबाजार, मिश्रीलाल मिश्रा पुस्तकालय - गोलबाजार, रमन दुबे पत्रकार, सॉवरिया स्टोर मारवाडी लाइन, गोयल सेल्स-व्यापार विहार, निशानिया ट्रेडर्स - व्यापार विहार, नवीन परिहार - पुलिस लाईन, नीलकंठ हॉटल - प्रताप चौक, के.के.शर्मा पत्रकार, रामेश्वर सोनी-हरिभूमि, जायसवाल पान सेंटर - मिशन हॉस्पिटल रोड, अग्रवाल मेडिकल एजेंसी, मेडिकल कॉम्प्लेक्स, गुरूनानक वस्त्रालय - मुंगेलीनाका, जी.पी. पाण्डेय - भारतीय नगर, तिवारी पान सेंटर - गेट-1 बुधवारी, शिवशक्ति प्रॉविजन स्टोर्स - जरहाभाठा रोड, रामगोपाल तिवारी - आईटीआई कोनी, आर.के. सोनी आर्किटेक्ट - तेलीपारा, महामाया आईटीआई - अशोकनगर, शिवशंकर प्रॉविजन - बृहस्पति बाजार, अनिल शर्मा शॉप 26 भगत सिंह काम्पलेक्स व्योपार विहार, वेरायटी ट्रेंडर्स प्रताप चौक, शकुन श्रृंगार भंडार गणेश चौक कोरबाः- अशोक जायसवाल - मेडिकल स्टोर पुराना बस स्टैण्ड। छुरी :- रामकृष्ण दुबे। बाल्कोः- गणेश पान भण्डार - बस स्टैण्ड। पेंड्रारोडः- वस्त्रलोक पेंड्राः- सुमीत मोटर्स। बाकीमोंगराः- सरस्वती मेटल स्टोर्स एंड फोटोकॉपी। भिलाईः- शरद दुबे - नगर निगम। मुंगेलीः- डॉ. मुकेश मिश्रा एस.एन.जी. कॉलेज। कोटा- कुलवंत सिंह, कमल हार्डवेयर तखतपुरः- विनोद जायसवाल (अधिवक्ता), टेकचंद कारडा। कटघोराः- परिधान। रायगढ़ः- जयप्रकाश केडिया। जांजगीरः- शंकर पान भण्डार। नैलाः- अमिताभ शर्मा - स्टेशन चौक। अकलतराः- चिरोंजीलाल अग्रवाल। पंडरियाः- महामाया मेडिकल स्टोर। लोरमीः- जयंती किराना स्टोर्स। सीपतः- दीपक तुलस्यान। सक्तीः- गनपतलाल श्यामसुन्दर अग्रवाल।

जवारा हेतु उपरोक्त स्थान के अतिरिक्त - कलमीटार :- भूपचंद शुक्ला, यशवंत विश्वकर्मा, कोटा:-छेदीलाल गुप्ता बिलासपुर :-भागवत प्रसाद तिवारी अर्चना विहार, कमलेश शुक्ला रानीबछाली :-उमाशंकर तिवारी भरारी (गनियारी) :- अर्जुन लाल उजागर। रतनपुर :- सुभाष अग्रवाल, नरेश सोनी, अनिल हेयर सेलून, सोमेश्वर चित्रकार, शशिकांत थवाईत (जूना बिलासपुर)।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, गुरुवार 4 अप्रैल 2024
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



5 अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्ष बनीं ममता..

**जॉब अलर्ट**

## बैंक क्लर्क भर्ती परीक्षा के नतीजे घोषित, 4045 पदों पर नियुक्ति




**बिलासपुर।** इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सोनेल सेलेक्शन (आईबीपीएस) ने भाग ले रहे विभिन्न राष्ट्रीय बैंक में क्लर्क के 4045 पदों पर भर्ती की चयन प्रक्रिया के अंतिम नतीजों की घोषणा कर दी है। संस्थान द्वारा क्लर्क फाइनल रिजल्ट की घोषणा के साथ ही आईबीपीएस ने क्लर्क मुख्य परीक्षा के अंतिम परिणाम देखने के लिए लिंक को भी आधिकारिक वेबसाइट ibps.in पर एक्टिव कर दिया है। ऐसे में जो उम्मीदवार आइबीपीएस द्वारा आयोजित क्लर्क मुख्य परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, वे अपना आवंटन परिणाम देखने के लिए आधिकारिक वेबसाइट ibps.in पर विजिट कर सकते हैं। वेबसाइट पर जाने के बाद क्लर्क भर्ती सेक्शन में जाएं। इस पेज पर कैंडिडेट्स को अपने रजिस्ट्रेशन नंबर, रोल नंबर तथा पासवर्ड अथवा डेट ऑफ बर्थ की डिटेल के माध्यम से लॉग-इन करना होगा। इसके बाद उम्मीदवार अपना मुख्य परीक्षा परिणाम देख सकेंगे।

### 2023 में मंगाए गए थे आवेदन

गौरतलब है कि आईबीपीएस क्लर्क भर्ती परीक्षा फेज 13 के लिए अधिसूचना जारी करते हुए आवेदन प्रक्रिया 1 जुलाई 2023 से शुरू की थी और आखिरी तारीख 28 जुलाई थी। इसके बाद निर्धारित चयन प्रक्रिया के अंतर्गत पहले चरण में प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन सितंबर 2023 में विभिन्न तिथियों पर किया गया था, जिसके नतीजे 14 सितंबर को घोषित किए गए थे। इसमें सफल घोषित उम्मीदवारों के लिए मुख्य परीक्षा अक्टूबर माह के दौरान आयोजित की गई थी, जिसके नतीजे अब घोषित कर दिए गए।

# देसी फ्रिज आने लगा बाजार में, बेल जूस का भी बढ़ा क्रेज



**बिलासपुर।** इन दिनों शहर में गर्मी का पारा चढ़ने लगा है। लोग गर्मी से बचने एवं अपना गला तर करने व्यवस्था में लग गए हैं। वहीं गर्मी के तेवर को देखते हुए बाजार में देसी फ्रिज के नाम से जाने वाले मटके की दुकान सजकर तैयार है। जिसे फ्रिज का पानी सूट नहीं करता वे लोग इसकी खरीददारी शुरू भी कर दिए हैं।



गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य को ठीक रखने, लू से बचने काफी जतन करने होते हैं। वहीं बेल जूस सहित अन्य जूस वाले चौक-चौराहों में अपनी दुकानें भी सजा लेते हैं। तरबूज, खरबूज की आवक भारी मात्रा में होने लगती है। लोग गला तर करने इसका इस्तेमाल भी अधिक से अधिक करने लगे हैं।



### करसी, सुराही विभिन्न डिजाइनों में

आधुनिकता के इस युग में भी करसी, सुराही का क्रेज कम नहीं हुआ है। गर्मी के आते ही विविध साईज व डिजाइनों में यह बाजार में आने लगता है। परंपरा अनुसार तो कई लोग मटकी, सुराही की खरीददारी अक्षय तृतीया के दिन करते हैं पर कुछ लोग ऐसे भी है जो इसके पहले भी इसका उपयोग शुरू कर देते हैं। कुम्हारों ने बताया कि फ्रीज के चलन के बाद उनका काम कुछ अवश्य प्रभावित हुआ है, पर डिमाण्ड में कमी नहीं आई है। लोग प्याऊ चलाने, मंदिरों में रखने के लिए ऑर्डर करते हैं। नवरात्रि में भी इसकी मांग बढ़ जाती है। इन सब चीजों को देखते हुए गर्मी के शुरू होते ही दुकानें लगा लेते हैं। इसकी कीमत साइज व डिजाइन के हिसाब से तय रहती है। आजकल लोग टोंटी वाले मटके ज्यादा पसंद कर रहे हैं।



### बनारस के बेल से बना रहे शरबत

गर्मी की दस्तक के साथ ही शहर के जेल रोड, कलेक्ट्रेट सहित अन्य स्थानों में बेल जूस बिकने लगा है। इस जूस को पीने से शरीर की गर्मी शांत होती है। पेट संबंधी समस्याएं दूर होती है। वहीं शिव भक्त भी शिव भगवान का प्रिय फल मानकर इस जूस को पीने में रूचि दिखाते हैं। विक्रेताओं ने बताया कि इस समय बेल अंबिकापुर, बनारस से आ रहा है। बनारस के बेल गुदेदार होने के कारण इसका स्वाद भी अच्छा रहता है।




### नारियल पानी व लस्सी से ठंडक

इस भीषण गर्मी में गला बार-बार सूखता है। इस गर्मी में गले को ठंडा रखने लोग नारियल पानी, लस्सी व गन्ना रस पीना चाहिए। शहर के बाजारों में भी रस भंडारों की दुकानें सज गई है। 20 रूपए से लेकर सौ रूपए तक लस्सी एक गिलास बिक रही है। गन्न्ना रस भी बीस रूपए गिलास बिक रहा है। जेल रोड से लेकर श्रीकांत वर्मा मार्ग तक नारियल पानी के ठेले सजे हुए हैं, इसे भी लोग खूब पी रहे हैं। ठंडा पेय पदार्थों को लोग खूब पी भी रहे हैं।



## पानी अधिक पीएं और जंकफूड से रहें दूर

अप्रैल माह के शुरूवात से ही सूर्य की तपीश से हर कोई परेशान है। दिन को तेज धूप रहने से बाहर निकलने के पहले लोगों को सोचना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में शरीर का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। डॉ विकास अग्रवाल ने बताया कि गर्मी के मौसम में शरीर को पानी की जरूरत होती है, इसलिए अधिक से अधिक पानी पीना चाहिए। इस मौसम में तेल, मसाला व जंकफुड नहीं खाना चाहिए। इस मौसम में शरीर को तंदरूस्त रखने खान-पान का भी विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि किसी तरह की बीमारी शरीर में ना आ पाएं। धूप में निकलने से पहले शरीर को पूरी तरह से कवर होकर निकले, शरीर में धूप सीधे नहीं पड़नी चाहिए।

**छोटी-छोटी चीजों का ध्यान रख तेज गर्मी में करे बचाव**

### प्रकृति के अनुरूप रहे



डॉ श्री अग्रवाल ने बताया कि खानापान को भी प्राकृति के अनुसार ही करना चाहिए। इस मौसम में रसीले फलों की भरमार रहती है। इसका सेवन जरूर करना चाहिए, तरबुज, ककड़ी, अनार, संतरा इन फलों को प्रतिदिन दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।

### पानी साफ होना चाहिए

डॉ श्री अग्रवाल कहा कि इस मौसम में पानी की गुणवक्ता का भी ध्यान रखना जरूरी है,कई बार कुछ क्षेत्रों में पाईप लाइन व अन्य कारणों से पानी की सप्लाई खराब होती है। इसका भी ध्यान देना आवश्यक है कि पीने वाली पानी साफ है की नहीं। इससे पीलिया जैसी बड़ी बीमारी हो जाती है।

### दही व छांछ भी पीएं

गर्मी में पेट को सबसे अधिक ठंडक दही व छांछ से मिलती है, इसक सेवन तो अवश्य ही करना चाहिए। यह पेट की गर्मी को भी दूर करता है। इसे खाना में शामिल करना चाहिए।






**एजुकेशन अपडेट**

## जेईई मेन के प्रवेशपत्र जारी इसमें दिए गए हैं बारकोड




**बिलासपुर।** इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन के दूसरे सेशन की तैयारी में जुटे उम्मीदवारों के लिए अपडेट है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए जरूरी प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। एजेंसी ने अप्रैल सत्र के घोषित परीक्षा तिथियों में से 4, 5 और 6 अप्रैल के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं, जबकि अन्य परीक्षा तारीखों 8 तथा 9 अप्रैल के लिए एडमिट कार्ड बाद में जारी किए जाएंगे। एनटीए ने अप्रैल में आयोजित होने वाले जेईई मेन के दूसरे सत्र के लिए प्रवेशपत्र जारी करने के साथ ही साथ इन्हें डाउनलोड करने के लिए लिंक को आधिकारिक परीक्षा पोर्टल jeemain.nta.ac.in पर एक्टिव भी कर दिया है।

### 4 अप्रैल से शुरू होंगे सेशन 2 के एग्जाम

ऐसे में जिन स्टूडेंट्स अप्रैल सत्र के पेपर 1 (बीई/बीटेक) में सम्मिलित होने के लिए अपना पंजीकरण किया है, वे पोर्टल पर एक्टिव लिंक से इसे डाउनलोड कर सकते हैं। इसके लिए उम्मीदवारों को अपने अप्लीकेशन नंबर तथा डेट ऑफ बर्थ की डिटेल से लॉग-इन करना होगा, जिसके बाद कैंडिडेट्स अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड तथा प्रिंट कर सकेंगे। उम्मीदवारों से कहा गया है कि वे अपने प्रवेश पत्र को डाउनलोड करने के बाद इस पर दिए गए अपने व्यक्तिगत विवरणों जैसे- नाम, माता-पिता का नाम, जन्म तिथि, फोटो आदि की जांच कर लें।

# पीएससी मेंस के लिए आवेदन प्रारंभ, प्रारंभिक में चयनित 3,597 अभ्यर्थी कर सकेंगे आवेदन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा मुख्य सेवा परीक्षा के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। 2 अप्रैल दोपहर 12 बजे से आवेदन प्रारंभ किए गए हैं। इसके लिए लिए 2 मई को रात्रि 12 बजे तक आवेदन किए जा सकेंगे। राज्य के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन निशुल्क है तथा अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों को 400 रुपए आवेदन शुल्क देना होगा। हालांकि पोर्टल शुल्क तथा जीएसटी का भुगतान सभी अभ्यर्थियों को करना होगा। आवेदन संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश पीएससी द्वारा अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। मुख्य परीक्षा का आयोजन 24 से 27 जून तक किया जाएगा।

### त्रुटि सुधार 3 से

पीएससी द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, त्रुटि सुधार के लिए छात्रों को 3 से 7 मई तक का समय दिया जाएगा। इस दौरान अभ्यर्थी आवेदन भरने के दौरान हुई गलतियां सुधार सकेंगे। इसके बाद कैंडिडेट्स को अतिरिक्त समय त्रुटि सुधार के लिए नहीं मिलेगा। परीक्षा पैटर्न, योग्यता व अन्य मापदंड सहित विस्तृत जानकारी पीएससी ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी है।

### गलती सुधारने मिलेगा 5 दिन का वक्त



### 21 मार्च को जारी किए गए थे प्रारंभिक परीक्षाओं के परिणाम

पीएससी ने प्रारंभिक परीक्षाओं के परिणाम 21 मार्च को जारी किए थे। प्रारंभिक लिखित परीक्षा में जो अभ्यर्थी क्वालीफाई हुए हैं, वे ही मुख्य परीक्षाओं में शामिल हो सकेंगे। पीएससी 17 विभागों में रिक्त 242 पदों के लिए यह भर्ती परीक्षा आयोजित कर रहा है। 11 फरवरी को हुई लिखित परीक्षा के परिणामों के आधार पर 3 हजार 597 परीक्षार्थियों का चयन मुख्य परीक्षा के लिए किया गया है। ये परीक्षार्थी ही मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन कर सकेंगे। विज्ञापित पदों से 15 गुणा अधिक अभ्यर्थियों का चयन किया जाना था, लेकिन वर्गवार योग्य अभ्यर्थियों की उपलब्धता के आधार पर इतने ही उम्मीदवारों का चयन किया जा सका है।




### जल्द जारी होगा कैलेंडर

पीएससी द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की तर्ज पर वार्षिक कैलेंडर तैयार किया जा रहा है। इसमें वर्ष भर होने वाली भर्ती परीक्षाओं की जानकारी दी जाएगी। यह कैलेंडर विभाग द्वारा जल्द ही जारी किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न विभागों से उनके संस्थानों में रिक्त पदों की जानकारी मांगी गई है। इसके आधार पर पीएससी अपना परीक्षा कैलेंडर घोषित करेगा। गौरतलब है कि यूपीएससी द्वारा सत्र के प्रारंभ में ही सभी विभागों में रिक्त पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया व परीक्षा तिथि सहित अन्य जानकारियां साझा की जाती हैं। इसी तर्ज पर पीएससी परीक्षार्थियों को भी यह सुविधा मिलेगी।

### व्यापमं प्रवेश परीक्षाएं अगले माह से




व्यावसायिक परीक्षा मंडल प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन मंगाए जा रहे हैं। अधिकतर प्रवेश परीक्षओं के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्रवेश परीक्षाओं की शुरुआत मई माह में प्रीएमसीए के साथ होगी। जून तक प्रवेश परीक्षाओं का यह सिलसिला चलेगा। पीएटी, पीपीएचटी, प्रीएमसीए, बीएड, डीएलएड सहित इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में भर्ती के लिए भी व्यापम ने आवेदन प्रारंभ कर दिए हैं।

**एग्जाम अलर्ट**

## एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ने एक्जीक्यूटिव के 490 पदों पर मांगे आवेदन




**बिलासपुर।** एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने रिक्त पदों पर भर्तियां निकाली हैं। इनके तहत 490 जूनियर एक्जीक्यूटिव के पद भरे जाएंगे। इसके रजिस्ट्रेशन लिंक खुल गए हैं और आवेदन शुरू हो गए हैं। वे कैंडिडेट्स जो इन पद के लिए अप्लाई करना चाहते हैं, वे एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। वेबसाइट aai.aero पर विस्तृत जानकारी अपलोड कर दी गई है। इन पद के लिए एमसीए या संबंधित ब्रांच में इंजीनियरिंग कर चुके कैंडिडेट अप्लाई कर सकते हैं। साथ ही गेट परीक्षा पास होना भी जरूरी है। आयु सीमा 27 साल है।

### 'गेट' के आधार पर चयन

सेलेक्शन के लिए गेट स्कोर और क्वालीफाइंग परीक्षा का स्कोर देखा जाएगा। इसके आधार पर कैंडिडेट्स को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया जाएगा। सेलेक्शन की अन्य शर्तें भी वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई हैं। पद पर आवेदन करने के लिए कैंडिडेट्स को 300 रुपए शुल्क देना होगा। आरक्षित श्रेणी को शुल्क नहीं देना है। सेलेक्ट होने पर सैलरी महीने के 40 हजार से लेकर 1,40,000 रुपए तक है। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 1 मई है। इस तारीख के पहले बताए गए प्रारूप में फॉर्म भरना होगा। जूनियर एग्जीक्यूटिव के अंतर्गत आर्किटेक्चर, सिविल, इंजीनियर, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के पद हैं।

**16 अप्रैल से प्रारंभ होगी नवमी तिथि, लेकिन उदया तिथि के आधार पर पर्व 17 को**

# रवि योग में मनेगी रामनवमी, पूजन के लिए प्राप्त होंगे 2 घंटे 35 मिनट

## 30 सालों बाद अमृत व सर्वार्थ सिद्धि, अश्विनी नक्षत्र में नववर्ष

**कार्नर न्यूज**

इस वर्ष रामनवमी का पर्व विशेष योग-संयोग में मनाया जाएगा। हिंदू कैलेंडर के अनुसार, इस साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि 16 अप्रैल दिन मंगलवार को दोपहर 1 बजकर 23 मिनट से प्रारंभ होगी। नवमी तिथि 17 जनवरी बुधवार को दोपहर 3 बजकर 14 मिनट तक मान्य रहेगी।




### सूर्य का होता है प्रभाव

*इस साल की राम नवमी के दिन रवि योग बन रहा है, जो पूरे दिन है। रवि योग को शुभ योग माना जाता है, जिसमें सूर्य का प्रभाव होता है और सभी प्रकार के दोष मिट जाते हैं। हालांकि इस दिन प्रातःकाल से लेकर रात 11 बजकर 51 मिनट तक शूल योग रहेगा, उसके बाद से गंड योग लगेगा। वहीं अश्लेषा नक्षत्र प्रातःकाल से लेकर पूर्ण रात्रि तक है।*

*बिलासपुर। उदयातिथि के आधार पर रामनवमी 17 अप्रैल बुधवार को मनाई जाएगी। 17 अप्रैल बुधवार को राम नवमी के दिन पूजा का शुभ मुहूर्त दिन में 11 बजकर 3 मिनट से प्रारंभ होगा और दोपहर 1 बजकर 38 मिनट तक रहेगा। उस दिन आपको भगवान राम का जन्मदिन मनाने के लिए 2 घंटे 35 मिनट का शुभ समय प्राप्त होगा। यह राम नवमी का मध्याह्न मुहूर्त है। रामनवमी मध्याह्न का क्षण दोपहर 12 बजकर 21 मिनट पर है।*

### घोड़े पर होगा आगमन

*रामनवमी से पूर्व चैत्र नवरात्रि 9 अप्रैल से आरंभ होगी। हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हो जाती है। इसके साथ इस तिथि से ही नया हिंदू नववर्ष विक्रम संवत आरंभ होता है। नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना होती है, फिर अष्टमी और नवमी तिथि को छोटी कन्याओं की पूजा होती है। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि पर मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर स्वर्ग लोक से पृथ्वी पर आ रही हैं। इस बार चैत्र नवरात्रि की शुरुआत बहुत ही शुभ और दुर्लभ संयोग में होने जा रही है।*

### मिलेंगे शुभ फल

*वैदिक पंचांग के अनुसार इस वर्ष चैत्र नवरात्रि पर 30 वर्षों बाद बहुत ही शुभ योग बनने जा रहा है। दरअसल 30 सालों बाद चैत्र नवरात्रि पर अमृत सिद्धि योग, शश योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और अश्विनी नक्षत्र का संयोग बनेगा। नवरात्रि के प्रथम दिवस से ही नववर्ष की शुरुआत होती है, ऐसे में शुभ योग में चैत्र नवरात्रि की शुरुआत होने के कारण कुछ राशि के जातकों को विशेष फल की प्राप्ति होगी।*

## खबर संक्षेप

### प्रांतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन



**मस्तूरी।** धनिया राज द्वारा आयोजित प्रांतीय युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन ग्राम खिसोरा स्थित समरसता भवन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अकलतरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह मंचस्थ रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रहलाद यादव अध्यक्ष धनिया राज ने किया। अपने संबोधन में समाज की रीति नीति से अवगत कराते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार प्रकट किया। साथ ही समाज के लोगों को एकजुटता भावना से रहकर यह युवक युवती परिचय सम्मेलन पर विशेष ध्यान रखने व आने वाली पीढ़ी को नई दिशा प्रदान करने की अपील की। कार्यक्रम में सैकड़ों युवक युवतियों ने हिस्सा लेकर सम्मेलन को सार्थक बनाया। इस कार्यक्रम में लवन राज, परसिया राज, तरेंगा राज, धनिया राज के पदाधिकारी व युवक युवतियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में धनिया राज अध्यक्ष प्रहलाद यादव भैयाराम यादव, जमुना यादव, गोपाल यादव, रमेश अहिर, नरोत्तम लाल यादव, लक्ष्मी अहीर, विरेंदर अहिर, राधे श्याम यादव, गजानंद यादव, रमेश अहीर, पूनम अहिर, ग्राम खिसोरा, जयरामनगर खैरा, संजय यादव, नर्मदा प्रसाद, शत्रुहन यादव, रामरतन यादव, धर्मेंद्र यादव, भैया राम यादव चोढा, भुरवा अहीर, राम रतन अहीर, चंद राम अहीर, घनश्याम यादव सरपंच पिपरा सत्ती, हृदय यादव बरतोरी सहित बडी संख्या में यादव बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व आभार संजय यादव ने किया।

### हनुमान मंदिर से चोरी गया चांदी का खड़ाऊ बरामद



**तखतपुर।** श्री सिद्ध हनुमान मंदिर से चोरी हुए चांदी के खड़ाऊ को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बरामद कर लिया है। विगत दिनों नगर के पुराना थाना परिसर में स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में दान में मिले चांदी के खड़ाऊ को अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया था। पूज्य सिंधी पंचायत झूलेलाल मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी करते युवक तस्वीर कैद हो गई थी। जिसकी जानकारी थाना प्रभारी हरीश टाण्डेकर को दी गई। थाना प्रभारी हरीश तांडेकर ने धार्मिक विषय पर विशेष ध्यान देते हुए आरोपी की तलाश शुरू की। सूत्रों से पता चला कि अज्ञात चोर तखतपुर के धुरी पारा में रिश्तेदार के यहां आया हुआ है जो हनुमान मंदिर की खड़ाऊ ले गया था। पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपी मानसिक रोगी है। मंदिर से खड़ाऊ लेकर बरेला स्थित रिश्तेदार के घर छोड़कर भटकता हुआ लौट गया। जांच के दौरान परिजन ने सहयोग करते हुए पुलिस को खड़ाऊ सौंप दिया। थाना प्रभारी ने मंदिर प्रबंध समिति के प्रमुख सदस्य दिलीप तोलानी, भारत सिंह ठाकुर को चांदी का खड़ाऊ सौंप दिया।

### राजपूत युवा मोर्चा का होली मिलन समारोह



**लोरमी।** राजपूत भवन में राजपूत युवा मोर्चा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाराणा प्रताप के छायाचित्र में तिलक लगाकर, माल्यार्पण व सरस्वती वंदना करके किया गया। मोर्चा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने मुख्य अतिथि नानदाऊ सिंह, अध्यक्षता कर रहे गोपाल सिंह राजपूत, विशिष्ट अतिथि सुनील सिंह राजपूत, उमेश सिंह, राम प्रकाश सिंह, देवेन्द्र सिंह, अरविंद सिंह राजपूत, सुरेश सिंह राजपूत, राकेश सिंह आदि का स्वागत किया। होली मिलन समारोह के थीम युवा उद्यमी पर चर्चा की गई इस दौरान फाग गीतों पर समाज के बुजुर्ग, युवा व बच्चे जमकर थिरके। होली मिलन समारोह में झाफल मंडली के सदस्यों ने फाग गीत गाकर कार्यक्रम में समा बांधा। नगाड़े की धुन पर समाज प्रमुखों ने फाग गीत गाए। कार्यक्रम सम्पन्न होने पर संजय सिंह ने आभार व्यक्त किया।

## तखतपुर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए डिप्टी सीएम

# मोदी की गारंटी से देश-प्रदेश का तेजी से हो रहा विकासः साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन भाजपा कार्यालय मोहन वाटिका में किया गया। सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री अरूण साव शामिल हुए।

■ दिग्गज नेताओं ने कार्यकर्ताओं को किया चार्ज

कार्यकर्ता सम्मेलन में श्री साव ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत देश ने देश हित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जिससे भारत देश आगे बढ़ता चला गया है। मोदी की गारंटी से देश एवं छत्तीसगढ़ में तेजी से विकास हुआ है और हम जनता के भले के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन को धर्मजीत सिंह, हर्षिता पांडेय, कृष्णमूर्ति बांधी, अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, पुन्नू लाल मोहले, सुशांत शुक्ला, भूपेंद्र सवन्नी सहित अन्य ने संबोधित करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि देश एवं राज्य के तरक्की के लिए फिर से भाजपा की सरकार को बनाना है एवं मोदी की सरकार देश हित में बनाना है। तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गौरव शाली कार्य से देश निरंतर तरक्की कर रहा है। मोदी की गारंटी के साथ महतारियों का सम्मान ,राममंदिर की स्थापना के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का मान बढ़ाया है। राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पांडे में तखतपुर क्षेत्र में भाजपा को 50 हजार की लीड दिलाने का आह्वान किया। पूर्व विधायक डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी ने देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी के सिद्धांतों को अनुकरणीय बताते हुए कार्य करने की बात कही। अमर अग्रवाल ने क्लस्टर वाइस एवं प्रत्येक बूथ में 370 वोटो की बढ़त दिलाने का वचन याद दिलाते हुए बूथ स्तर पर कार्य करने आव्हान किया। पूर्व मंत्री एवं मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने शायराना अंदाज में भाजपा कार्यकर्ताओ को मोदी की सरकार योजनाओं को बताते हुए फिर से वोट दिलाने का आह्वान किया। लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी तोखन साहू ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की भाजपा को आशीर्वाद रूपी वोट देकर नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाएं। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने राष्ट्र एवं राज्य के हित के लिए बीजेपी को वोट देने का आह्वान किया। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने भ्रष्टाचारियों और राम को न मानने वाली कांग्रेस को वोट नहीं देने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन अशोक ठाकुर, बंशी पाड़े ने किया।



कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित उपमुख्यमंत्री अरुण साव।

### पूर्व मण्डी अध्यक्ष ने किया भाजपा प्रवेश

भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेसियों ने भाजपा प्रवेश किया। इसमें प्रमुख रूप से बेलपान के सरपंच एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष गरीब यादव ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव के समक्ष भाजपा प्रवेश किया। साथ ही जनपद पंचायत तखतपुर से सेवानिवृत्त सब इंजीनियर टीआर तारक, दुर्गा ठाकुर, सरपंच जरौंधा ईश्वर साहू, सरपंच सफरीभाठा दीना कश्यप एवं सरपंच सिंघनपुरी राहुल शुक्ला ने भाजपा में प्रवेश किया।

### प्रमुख रूप से उपस्थित रहे

इस अवसर पर रामदेव कुमावत, अंजना मुलाकलवार, दिनेश राजपूत, घनश्याम कौशिक, बंशी,पाड़े, अशोक ठाकुर, जीवन पांडे, अजय पांडेय, अजय यादव ,सरजू यादव, पूनम शुक्ला, संतोष कश्यप, दिनेश साहू, नरेंद्र कोसले, डॉ नीलेश तिवारी, अनिल तिवारी, दिलीप तोलानी, किशन सचदेव, अमरीका साहू, वंदना सिंह, प्रतिभा देवांगन, पुष्पलता रात्रे, हनी पांडे, दिनेश पांडे, राघवेंद्र पांडे, अजय पांडे, बाला सिंह, दिनेश साहू, बंटी तिवारी, नरेंद्र साहू, कृष्ण कुमार साहू, कोमल सिंह, नैनलाल साहू, नर्मदा धूरी, विक्रम सिंह ठाकुर, दिनेश राजपूत, राजेश सोनी, शिप्रा सैमुएल, प्रतिभा देवांगन, कैलाश देवांगन, अमित मंदानी, अभिषेक सिंह, सुनील आहूजा, गुलजीत खुराना, ऋषिमुनि पटेल, दिनेश पांडे सागर, अश्वनी साहू,रामचरण वस्त्रकार, आयुष ठाकुर, सोहन कश्यप सहित अन्य उपस्थित रहे।



# मतदाता जागरूकता के तहत शिक्षकों ने निकाली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

पूर्व माध्यमिक शाला नवाडीह में कन्या स्कूल संकुल केंद्र का मतदाता जागरूकता एवं होली मिलन का कार्यक्रम आयोजन किया गया। सर्वप्रथम शिक्षकों ने प्राथमिक शाला नवाडीह से तहसील चौक तक बैनर पोस्टर फ्लैक्स के माध्यम से मुख्य मार्गों से मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। साथ ही मतदाता जागरूकता रंगोली के माध्यम से जनजागरूकता के प्रयास किए गए।

■ पोस्टर फ्लैक्स के माध्यम से लोगों को दिया गया संदेश

स्वीप प्लान के नोडल प्रभारी मस्तूरी एबीईओ योगेश कुमार कौशिक व विकासखंड स्त्रोत समन्वयक भागवत प्रसाद साहू ने कहा कि मताधिकार का प्रयोग करके लोकतंत्र में मजबूत बनाने अपनी महती भूमिका निभाएं। संकुल प्रभारी प्राचार्य एबी कुजूर ने होली मिलन के कार्यक्रम को संकुल परिवार के एकता सहयोग भाईचारे का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में सीपत प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रदीप पांडेय संरक्षक हिमांशु गुप्ता ने होली मिलन के सार्थकता को बेहतर प्रयास बताए। अतिथियों को रंग अबीर गुलाल लगाते हुए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संकुल केंद्र कन्या सीपत के संमस्त प्रधानपाठकों द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानपाठक एवं शैक्षिक समन्वयक कन्या सीपत प्रमोद कुमार पाण्डेय ने किया। इस दौरान बालक स्कूल शैक्षिक संकुल समन्वयक बालक श्रीकांत श्रीवास, तुलेश्वर सिंह कौशिक, रामप्रसाद साहू, रामबाबू कर्ष, विजय गौरहा, कैलाश चंद्रा सहित संकुल के सभी एचएम व शिक्षक उपस्थित रहे।

### कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**तखतपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर 4 अप्रैल को दोपहर 3 बजे कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन पाल मंगलम में किया गया है। सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिव विजय जांगिड़, लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र यादव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी पूर्व विधायक रश्मि आशीष सिंह ने दी।

# हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**मुंगेली।** ग्राम संगवाकापा में रंजिश को लेकर हुई हत्या के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। आरोपी के कब्जे से लाठी की जब्ती बनाई गई।

सिटी कोतवाली पुलिस ने ग्राम संगवाकापा में 1 अप्रैल को हुई हत्या के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया। उप पुलिस महानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल व अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सालिकराम घृतलहरे के मार्ग दर्शन एवं निर्देशन में थाना प्रभारी एवं टीम द्वारा हत्या के आरोपी सुखचंद यादव पिता धनुष यादव उम्र 45 साल साकिन संगवाकापा को तत्काल गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। ग्राम संगवाकापा में 1 अप्रैल को पुराने रंजिश पर शासकीय गौठान पीपल पेड़ के पास अरोपी सुखचंद यादव पिता धनुष यादव उम्र 45 साल साकिन संगवाकापा ने मृतक मालिकराम श्रीवास पिता तपन श्रीवास उम्र 45 साल साकिन संगवाकापा को गाली गलौच व जान से मारने की धमकी देते हुये बास की डण्डा लाठी से पांच-छह बार सिर में मारकर प्राणघातक हमला कर चोट पहुंचाया। जिससे उसकी सिर फटने से खून निकला। बीच बचाव करने आयी मुन्नी बाई यादव से भी मारपीट कर कमर व बांये हाथ में चोट पहुंचाया।

# कलेक्टर-एसपी ने कोटा ब्लॉक के आधा दर्जन गांवों का किया दौरा

**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण एवं एसपी रजनेश सिंह ने कोटा ब्लॉक के आधा दर्जन से ज्यादा दूरस्थ गांवों का दौरा कर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केन्द्रों का सूक्ष्म अवलोकन कर चुनाव आयोग के निर्देशानुसार सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रमुख रूप से शिवतराई, केकराडीह, बेलगहना, लुफा, कुरदर एवं आमागोहन में मतदान केन्द्रों को देखा। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत शिवतराई में निर्माण स्थल पर कार्यरत मनरेगा मजदूरों को अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई। जनपद पंचायत के अंतर्गत 103 ग्राम पंचायतों में 22 हजार से ज्यादा मजदूरों ने एक साथ मतदान करने की शपथ ली। कलेक्टर-एसपी ने इन ग्रामों में संचालित स्वास्थ्य केन्द्रों एवं छात्रावासों का भी निरीक्षण किया।

■ 22 हजार से ज्यादा श्रमिकों ने ली अनिवार्य की शपथ

कलेक्टर श्री शरण ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से कहा कि बिलासपुर जिले में तीसरे चरण के अंतर्गत 7 मई को मतदान होना है। इस समय काफी गरमी रहेगी। इसे देखते हुए मतदाताओं के लिए ठण्डा पानी, छाया आदि सुविधाएं केन्द्रों पर अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाये। दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाये। शिवतराई के प्राथमिक शाला को मतदान केन्द्र बनाया गया है। लगभग एक हजार मतदाता यहां वोट डालेंगे। बीएलओ ने बताया कि इनमें 85 वर्ष से अधिम उम्र के 9 मतदाता है। इनमें से दो मतदाता पोस्टल बैलेट के माध्यम से वोट करने का आवेदन किए हैं। उन्होंने रैम्प की व्यवस्था एवं साफ-सफाई एवं बिजली की सुविधा भी सभी मतदान केन्द्रों में मुहैया कराने को कहा है। कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान बेलगहना तहसील कार्यालय का भी निरीक्षण किया। कुछ प्रकरणों की फाईल देखी और तेजी से निराकरण के निर्देश दिए।



### जिला स्तरीय जूनियर शतरंज स्पर्धा 17 से

**मुंगेली।** जिला स्तरीय जूनियर 17 वर्ष शतरंज बालक-बालिका चैम्पियनशिप का आयोजन 7 अप्रैल रविवार को आगर हाई स्कूल दाऊपारा में प्रातः 9.30 बजे से किया जा रहा है। स्पर्धा का आयोजन जिला शतरंज संघ द्वारा किया जा रहा है। स्पर्धा के अंतर्गत आयु 17 वर्ष से कम के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं।


### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार रितेश अग्रवाल पिता अशोक अग्रवाल पता - यदुनंदन नगर तिफरा बिलासपुर की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्व साधारण के लिये आम सूचना का प्रकाशित कराता हूँ कि भूमि स्वामी KABOOM VENPURES द्वारा भागीदार संतोष गर्ग पिता श्री राम सुमेर गर्ग जाति ब्राम्हण इमलीपारा गली नंबर 02 वर्तमान निवासी वर्मा नर्सिंग होम के पास डिपुपारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर के नाम पर मौजा लिंगियाडीह प0ह0नं0 31, रा0नि0मं0 मोपका विकासखण्ड बिल्हा तहसील व जिला बिलासपुर छ0ग0 में स्थित है, जिसका खसरा नंबर 54 / 67 रकबा 4000 वर्गफुट खसरा नंबर 54/646 रकबा 4000 वर्गफुट में से 1600 वर्गफुट भूमि को मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर बतौर बयाना की राशि दिया गया है, एवं इकरारनामा निष्पादित कराया गया है तथा निकट भविष्य में उक्त भूमि का पंजीयन कराने हेतु मेरे पक्षकार तत्पर है। यदि उक्त संव्यवहार में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय आदि को आपत्ति है तो मय दस्तावेज 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे उक्तानुसार अवधि अवसान पश्चात की गयी दावा आपत्ति नाजायज एवं शून्य होगी ।

सो सूचना जानें
दिनांक – 04.04.2024
स्थान– बिलासपुर छ0ग0

भवदीय
प्रकाश चंद्र जायसवाल अधिवक्ता
मो0 नं0 – 98271-76433
98271-59970


# चैत्र नवरात्रि महोत्सव मनाने दुर्गा देवी मंदिर में हुई बैठक

**पेंड्रा।** दुर्गा देवी मंदिर पब्लिक ट्रस्ट धनपुर में 9 से 17 अप्रैल तक चैत्र नवरात्रि महोत्सव का आयोजन धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। चैत्र नवरात्रि महोत्सव में श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना तेल ज्योति कलश एवं घृत ज्योति कलश तथा जवारा कलश की स्थापना की जाएगी।

■ जवारा एवं मनोकामना ज्योति कलश की होगी

रंग पंचमी होली मिलन पर दुर्गा देवी मंदिर पब्लिक ट्रस्ट धनपुर के पदाधिकारी एवं सदस्यों की एक बैठक ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य एवं मार्गदर्शक आदिवासी नेता भगवत सिंह मार्को की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सदस्यों द्वारा एक दूसरे को गुलाल टीका लगाकर सामाजिक सद्भाव के साथ बैठक का आयोजन किया गया तथा आगामी 9 से 17 अप्रैल तक आयोजित होने वाले बसंती चैत्र नवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में ट्रस्ट की अध्यक्षता करते हुए भगवत सिंह मार्को ने बताया कि इस वर्ष भी पिछले वर्ष की तरह श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति कलश का प्रज्वलन कराया जाएगा, ट्रस्ट के वरिष्ठ पदाधिकारी गणेश पांडे ने कहा कि प्रतिदिन 4:00 बजे से गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले सहित अन्य जिले की भजन मंडलियों को आमंत्रित कर जस गीत एवं भजन गायन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



लरकेनी के पूर्व सरपंच एवं ट्रस्ट के सदस्य भारत सिंह श्याम ने कहा कि प्रतिवर्ष अनुसार मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रोजाना शाम को आरती के समय विशेष प्रसाद वितरण के लिए इच्छुक श्रद्धालु अपना पंजीयन कोषाध्यक्ष सुरेश पांडे के पास करा सकते हैं। बैठक में ट्रस्ट के पदाधिकारी में पंडित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी, भागवत सिंह मार्को, गणेश पांडे, भारत सिंह श्याम पीतांबर सिंह मार्को, आनंद सिंह मराबी,भूपत सिंह गौटिया गोविंद सिंह गौटिया, पंडित सुरेश पांडे ट्रस्ट के जैन संपर्क अधिकारी अक्षय नामदेव सहित अन्य सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर बाबा मनु गिरी जी महाराज की समाधि की पूजा अर्चना एवं भोग प्रसाद लगाया गया।

### आवेदन 10 तक

**बिलासपुर।** शासकीय महिला आईटीआई कोनी द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए रोजगार एवं स्वरोजगारमुखी शुल्क आधारित 6 माह की लघु अवधि के विभिन्न प्रशिक्षण कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदिका प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकती है।

## निधन

### जनक दुलारी कश्यप



**बिलासपुर।** कुदूदंड निवासी श्रीमती जनक दुलारी कश्यप का बुधवार 3 अप्रैल को निधन हो गया। वे 95 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार 4 अप्रैल को सुबह 9.30 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे भाजपा नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष सहदेव कश्यप व हरि कश्यप की मां और अमित, निखिल कश्यप की दादी थीं।


### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है मेरे द्वारा ग्राम खमतराई प.ह.नं. 25, रा.नि.मं. कोनी तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) भूस्वामी श्री अविनाश मनहर पिता श्री दिलीप मनहर निवासी गीतांजली नगर कश्यप कॉलोनी, बिलासपुर की भूमि ख.नं. 367/4 रकबा 0.0510 हेक्टेयर (5450 वर्गफुट) एवं सूयां साहू पिता श्री लक्ष्मी प्रसाद साहू निवासी भरारी तह. सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. की भूमि ख.नं. 367/5 रकबा 0.0510 (5450 वर्गफुट) भूमि को खरीदने का पक्का सौदाकर बयाना राशि दी जा चुकी है। एवं निकट भविष्य में उक्त भूमि को मेरे या मेरे परिचित के नाम पर पंजीयन किया जाना तय हुआ है। इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय निकाय आदि को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकते है। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जानें।

क्रेता
श्री महितोष सराफ
पिता श्री छेदीलाल सराफ
सदर बाजार, बिलासपुर
मो. 9406944444

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.
सूचना-पत्र

क्रमांक/क/सीमांकन/रा.नि./2024
जूना बिलासपुर दिनांक 27/03/2024

प्रति, 1. अमित अग्रवाल पिता हनुमान प्रसाद अग्रवाल (आवेदक) 2. इंदर चावला (प्रकाश साड़ी) 3. जयराम खत्री (बंशीवाला) 4. हीरा सचदेव 5. विशाल टहल्यानी (विशाल गारमेंट्स) 6. शिवशंकर चावला 7. गणेश चावला (कान्हा हाजियारी) (समीपी भूमिस्वामी)

विषय:-सीमांकन के समय स्थल पर उपस्थित रहने बाबत।

संदर्भ :- न्यायालय अति./नायब तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक/क/तह./वा./2023 बिलासपुर दि. 11.12.2024

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक श्री अमित अग्रवाल पिता स्व. हनुमान प्रसाद अग्रवाल, निवासी रायगढ़ द्वारा ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 420/1. 420/2 रकबा क्रमशः 0.0730 0.0240, हेक्टेयर भूमि का छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 129 के तहत सीमांकन किए जाने हेतु न्यायालय अति. तहसीलदार बिलासपुर में आवेदन प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 12/04/2024 को समय 11.00 बजे से 5.30 बजे के मध्य किया जाना है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि उक्त नियत तिथि को समय पर स्थल पर भूमि संबंधित समस्त दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें उपस्थित नहीं होने की दशा में सीमांकन कार्य बाधित होने की संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी।

टीप:-आवेदक सीमां चिन्ह स्थित करने हेतु आवश्यक सामाग्री एवं मजदूर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

संतोष कुमार देवांगन
राजस्व निरीक्षक, जूना बिलासपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //
ग्राम मुरू तह. सकरी जिला-बिलासपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक आवेदक योगेश चंद दुबे पिता स्व गोपाल प्रसाद निवासी मुरू तहसील सकरी, जिला- बिलासपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम गुरू प.ह.नं. 35, तहसील सकरी स्थित भूमि खसरा नंबर 90/4,193/3,197/4, 199/4 रकबा क्रमशः 0.101,1.20,0.17,1- 00 एकड आवेदक के दादा की स्वामित्व की भूमि है उक्त भूमि ख0न0 मे से 90/4,193/4 में रामलाल दर्ज है तथा 199/4 का वर्तमान रकबा 0.40 एकड प्रदर्शित हो रहा है। जोकि त्रुटि पूर्ण है। जिसे सुधार कर राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो जांच हेतु अस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसे सुधार कर आवेदक के नाम पर दिर्ज किये जाने छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 115 के तहत आवेदन' न्यायालय श्रीमान अ.वि.अ.रा.तखतपुर, जिला- बिलासपुर छ.ग. में आवेदन प्रस्तुत किया गया है इस ईश्तहार के माध्यम से दावा / आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 04/04/2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27/03/2024 (को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सकरी

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रा.नि.म. व तह सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)
// सीमांकन सूचना //

माननीय न्यायालय . तहसीलदार के ज्ञापन दिनांक 05/12/2023 में ग्राम- हाफा प.ह.न. 44. रा.नि.म. व तह. सह जिला बिलासपुर (छ.ग.) के अंतर्गत खसरा नं. 567/2 रकबा 0.49 ए. आवेदक/भूमि स्वामी अंशुपुरी पिता प्रवेशपुरी निवासी बिलासपुर के द्वारा सीमांकन / बटांकन का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि का सीमांकन / वटांकन दिनांक 05/04/24 को लगभग 11:00 से 5:00 बजे किया जायेगा ।

अतः आवेदक एवं समीपवर्ती खातेदार समीपवर्ती भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथी एवं समय पर उपस्थित होंवे । अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा। जातः सूचना जानें।

टीपः-- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणो से सीमांकन / बटांकन तिथी में परिवर्तन किया जा सकता है।

पटवारी हल्का 44 के पटवारी श्री एल. ऐन. कुर्रे उपरोक्त आवेदित भूमि के आवेदक एवं समीपवर्ती खातेदारो का नाम नीचे नियत रिक्त स्थान इन्द्राज कर सूचना तामिल करायें एवं नियत सीमांकन तिथि को संबंधित ग्रामो के अभिलेख सहित कोटवारो के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

प्रति,
1. अंशपुरी पि. प्रवेशपुरी
2. आनंद तिवारी पि. कन्हैया
3. उमाशंकर पि त्रिभुवन
4. सुभाषसिंह पि. द्वारिकासिंह
5. अरुण शरतचंद्र, प्रकाशचंद्र पि. रामप्रसाद

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.म. सकरी

### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वजन सूचित हो कि मौजा ग्राम बिजौर, प.ह.न.-30, रा.नि.मं. मोपका, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के राजस्व अभिलेखों पर दर्ज भूमि खसरा नंबर-356/2 रकबा - 0.60 डि. भूमि संयुक्त रूप से केजऊ कौशिक, धनईयाबाई पिता तिहारू, राममगन, गोपाल, शिशुपाल, सुषमा, पिता शिवकुमार के नाम पर दर्ज है।

उक्त वर्णित भूमि के भूमि स्वामियों के द्वारा मेरे मुवक्कील को बिक्री करने का करार कर अग्रिम अनुबंध राशि प्राप्त कर लिये है, तथा सीमांकन पश्चात उक्त भूमि की रजिस्ट्री मेरे मुवक्कील के नाम या उसके नामित व्यक्ति के नाम कर देने का करार किये है।

उक्त सौदे पर किसी व्यक्ति/संस्थान/बैंक को आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन- प्रकाशन के 10 दिवस के भीतर मय दस्तावेजों के साथ अपनी-अपनी आपत्ति मेरे वर्णित पते पर कर सकते है, तय तिथि के बाद प्रस्तुत आपत्ति विधि मान्य नहीं होगी ।

सो सूचना जाने।
दिनांक 03/04/2024
बिलासपुर (छ.ग.)

भवदीय
गोविन्द वैष्णव
अधिवक्ता
मो. 98271-59982

### सूचना
### नाम परिवर्तन सूचना

मैं रजनी निषाद उम्र 35 साल पति श्री राजेन्द्र कुमार निषाद जाति केंवट निवासी ठाकुरदेव मोहल्ला बिरगांव तहसील व थाना जरहागांव जिला मुंगेली छ0ग0 की रहने वाली हूँ। जो कि मेरे पति के सर्विस बुक पर मेरा नाम त्रुटिपूर्ण RAJNI दर्ज हो गया है जबकि मेरे पेन कार्ड, आधार कार्ड पर मेरा पूरा नाम RAJANI NISHAD दर्ज है जो कि मेरा सही एवं पूरा नाम है। उक्त नाम मेरा सही एवं वास्तविक नाम RAJANI NISHAD मेरे संबंधित सभी अभिलेखों में लिखे जाने एवं नाम परिवर्तन किये जाने के संबंध में यह सूचना प्रकाशित करती हूँ मुझे आज से रजनी निषाद के नाम से जाना एवं पहचाना जावें ।

रजनी निषाद
पति श्री राजेन्द्र कुमार निषाद
निवासी ठाकुरदेव मोहल्ला बिरगांव
तहसील व थाना जरहागांव
जिला मुंगेली छ0ग0
मो0नं0 83909 40802

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार श्रीमती विनोद राजपूत पति बुद्धेश्वर सिंह राजपूत, निवासी-सिंधी कालोनी जरहाभाठा बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत होकर निम्न आशय का आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कि मौजा मंगला, प.ह.नं. 35, रा.नि. मं. सरकण्डा स्थित व्यपवर्तित भूमि खसरा नंबर 1257/1 रकबा 3939 वर्गफुट भूमि ताराबाई पति जगन्नाथ निवासी तेलीपारा बिलासपुर के नाम पर भूमि स्वामी हक में दर्ज है उक्त भूमि खसरा नंबर 1257/1 में से 1100 वर्गफुट व्यपवर्तित भूमि में प्लाट क्र. 02 की खुली भूमि को क्रय किये जाने का पक्का सौदा तय होने के पश्चात निकट भविष्य में विक्रय पत्र निष्पादित किया जाना है।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का आक्षेप होने की दशा में संपूर्ण दस्तावेज के साथ 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति की जा सकती है और समयावधि अवसान के पश्चात की गयी आपत्ति अमान्य मानी जावेगी ।

अस्तू सूचना जाने।
बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक : 04/04/2024

भवदीय
विमल कौशिक (अधिवक्ता)
सिंधी कालोनी कस्तूरबा नगर
बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.9301003073

### न्यायालय अति. तहसीलदार बिलासपुर
मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भः- जिला- बिलासपुर तहसील - बिलासपुर प.ह.न. 00033 चांटीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-MD 202324400107400028

ईश्तहार

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00033 के अंतर्गत ग्राम चांटीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी चुन्नीलाल देवांगन पिता/पति स्व. लक्ष्मण प्रसाद देवांगन पता-सा अजली विहार के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 481/143 (0.0120) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता विक्रम देवांगन पिता/पति-विश्वनाथ देवांगन पता चिंगराजपारा बिलासपुर विनीता देवांगन पिता/पति- विक्रम देवांगन पता - चिंगराजपारा बिलासपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/04/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अति . तहसीलदार बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/03/2024 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //

क्रमांक //अति. तह. / वा. / 2024
बिलासपुर, दिनांक 27/03/2024

ग्राम गतौरी के सर्व साधारण / आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम गतौरी प.ह.न. 21 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 714/1 रकबा 0.251 एकड़ भूमि की अभिलेख सुधार के लिए श्री संतोष अग्रवाल आ. बद्रीप्रसाद निवासी बनियाडीह द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनॉक 15/04/24 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनॉक 27/03/2024 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

# लोकसभा चुनावः निर्वाचन आयोग के 7 एप्स मतदाताओं के लिए बनेंगे मददगार

## मतदाताओं को बूथ से मिलेगा डायरेक्ट अपडेट डाटा सभी क्षेत्रों के उम्मीदवारों का देख सकेंगे पूरा रिकार्ड

बिलासपुर। लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक और सजग रहना जरूरी है। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रौद्योगिकी आधारित मोबाइल एप्स विकसित कर उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया का हिस्सा बनाया गया है। आयोग द्वारा विकसित विभिन्न मोबाइल एप्स के उपयोग से मतदाताओं की निर्वाचन प्रक्रियाओं में सहभागिता और सुविधा दोनों बढ़ी है। निर्वाचन में सूचना प्रौद्योगिकी और नई तकनीकें अहम भूमिका निभा रही हैं।

### सभी के लिए 'वोटर हेल्पलाइन एप'

वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक) नम्बर डाल कर अपने विधानसभा, पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते हैं। यदि एपिक नंबर नहीं मालूम है तो मतदाता अपना विवरण जैसे नाम, रिश्तेदार का नाम, उम्र, लिंग एवं निर्वाचन क्षेत्र की जानकारी भरकर अपना नाम मतदाता सूची में खोज सकते हैं। मतदाता अपना ई-एपिक भी डाउनलोड कर सकता है। इस एप के जरिए मतदाता अपना नाम जोड़ने, विलोपन, स्थानांतरण या संशोधन के लिए आवेदन भी कर सकते हैं।

### शिकायत के लिए 'सी-विजिल एप'

इस एप से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की तस्वीर और वीडियो को सीधे निर्वाचन आयोग को भेज सकते हैं। निर्वाचन के दौरान अगर किसी भी नागरिक को यह दिखता है कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है तो वह इस एप पर शिकायत भेज सकता है।मतदाता को रिझाने के लिए पैसे अथवा उपहार वितरण, भड़काऊ भाषण देने, बिना अनुमति बैनर-पोस्टर लगाने, मदिरा वितरण, बिना अनुमति सभाएं करने, मतदान केन्द्र के 200 मीटर के अंदर प्रचार जैसे मामलों की शिकायत इस एपसे की जा सकती है।

### दिव्यांगों के लिए 'सक्षम मोबाइल एप'

इस एप के जरिए दिव्यांग मतदाताओं को निर्वाचन के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान करने का प्रयास किया गया है। आयोग ने सक्षम एप के रूप में दिव्यांगों के लिए एक वन स्टॉप साधन विकसित किया है। इस एप में स्क्रीन रीडर, टेक्स्ट टू स्पीच सेवा, दृश्यता संवर्द्धन, रंग समायोजन जैसी सुविधाएं भी हैं। एप को दो-तरफ़ा इंटरैक्टिव प्लेटफ़ॉर्म के रूप में डिज़ाइन किया गया है । सक्षम एप के जरिए पंजीकरण की प्रक्रिया से लेकर मतदान के दिन पिक एंड ड्रॉप सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है।




### 'सुविधा कैंडिडेट एप'

इस एप के माध्यम से निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी को अपना नामांकन पत्र एवं शपथ पत्र ऑनलाइन भरने की सुविधा मिलती है। ऑनलाइन आवेदन के बाद स्लॉट बुक कर निर्धारित तिथि में भौतिक सत्यापन एवं निर्धारित शुल्क का भुगतान किया जा सकता है। प्रत्याशी को रैली, सभा आदि की अनुमति के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी इस एप में है।

### 'वोटर टर्न ऑउट एप'

वोटर टर्न ऑउट मोबाइल एप का उपयोग कर मतदान के दिन आम नागरिक मतदान की जानकारी घर पर बैठे बैठे पल-पल देख सकते हैं। इस एप के जरिए नागरिक तीनों ही चरणों में वोटर टर्न ऑउट की अद्यतन स्थिति जान सकते हैं। मतदान के दिन मतदान केन्द्रों के पीठासीन अधिकारी द्वारा हर दो घंटे में अपने केन्द्र पर मतदान की अद्यतन जानकारी दी जाती है।

### 'नो यूअर कैंडिडेट एप'

-इस एप से मतदाता निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मतदाता अपने लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की शिक्षा, संपत्ति, आपराधिक रिकार्ड आदि की जानकारी इससे प्राप्त कर सकता है। नो यूअर कैंडिडेट (केवायसी) एप से मतदाताओं को निर्वाचन के लिए सही प्रत्याशी का चयन करने में मदद मिलती है।




### 'ईएसएमएस एप'

राज्य के 1800 से अधिक स्थैतिक एवं उड़नदस्ता दलों द्वारा की जा रही जब्ती (सीज़र) की कार्यवाहियों को इलेक्शन सीज़र मैनेजमेंट सिस्टम एप पर अपलोड किया जाता है। पुलिस विभाग, आयकर विभाग, जीएसटी विभाग के अधिकारी हर जब्ती को इलेक्शन सीज़र मैनेजमेंट सिस्टम पर अद्यतन करते हैं। इसमें उड़नदस्ता दलों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की जानकारी मिलती है।

## खबर संक्षेप

### अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्ष बनीं ममता, वंदना सचिव



बिलासपुर। अग्रवाल महिला समिति की कार्यकरिणी की बैठक 3 अप्रैल को अग्रसेन भवन जूनी लाइन में आयोजित की गई। बैठक में ममता अग्रवाल को अध्यक्ष व वंदना जाजोदिया सचिव बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष रंजना अग्रवाल और विनीता केजरीवाल को बनाया गया। कोषाध्यक्ष मधु बगड़िया, सीमा गर्ग, सुनीता अग्रवाल, निशा मोदी, राधा मित्तल को बनाया गया। सह सचिव सीमा चौधरी, खुशबू बुधिया, शिपली जिंदल, निशी खेमका, तान्या जाजोदिया को बनाया गया। बैठक में समर कैंप पर चर्चा की गई। समय पर आने वालों में निशा मुकेश सरिता सजन रही। पूर्व अध्यक्ष में समय पर आने वालों में रंजू सुल्तानिया और सुनीता अग्रवाल रही। लकी रसीद के विजेता रेखा सिंघानिया और रेनू अग्रवाल रही। लकी गेम विनर राधा सोनथलिया और निशा गुप्ता रही। फ्री हाउसी की विजेता सुजाता अग्रवाल रही। इस अवसर पर विद्या केडिया, आशा, उषा, ज्योति, सुनीता, देवकी, पूनम, सरिता, कुसुम , जाजोदिया, सीमा, उमा, नूतन सहित बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज की महिलाएं मौजूद थीं।

### शीतला पूजा में शामिल हुए छग योग आयोग के पूर्व सदस्य रविन्द्र



बिलासपुर। शीतला पूजा में मंगलवार 2 अप्रैल को छत्तीसगढ़ योग आयोग के पूर्व सदस्य रविन्द्र सिंह शामिल हुए। आरती पश्चात पूजा अर्चना कर नगर व प्रदेशवासियों को निरोगी रखने व सभी के परिवार में सुख शांति बनी रहे प्रार्थना की। इस अवसर पर पूजा समिति के वरिष्ठ सदस्य सुब्रत बनर्जी, विकास कुमार गोलदार, बारिक विश्वास, अमित चक्रवर्ती, संगीत मोईत्रा, संजय बनर्जी, अशोक बोस, प्रशांत पाण्डेय, सौभिक दास गुप्ता, राहुल दुबे, प्रसन्नजीत दता, अजय राय, दिलीप साहू, अशोक मजुमदार, शैलेश मिश्रा, मुनित राम, राजू दादा, दीपक मजुमदार, सुब्रोता आदि उपस्थित थे।

### यदुनंदन नगर तिफरा से 9 को निकलेगी भव्य शोभयात्रा

बिलासपुर। हिंदू नववर्ष पर 9 अप्रैल को यदुनंदन नगर तिफरा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर प्रांगण से भव्य शोभा यात्रा निकलेगी। शोभा यात्रा निकालने के लिए संबंध में यदुनंदन नगर तिफरा हनुमान मंदिर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि इस बार शोभा यात्रा में श्रीराम की जीवंत झाकी के साथ कीर्तन मंडली, रामायण मंडली, प्रभात फेरी की टोलियां आकर्षण का केंद्र रहेगी। शोभा यात्रा का दायित्व अवधेश सिंह को सौंपा गया। 9 अप्रैल को दोपहर 12 बजे शोभा यात्रा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर प्रांगण से हनुमान की आरती कर निकलेगी। यह यात्रा यदुनंदन नगर का भ्रमण करके तिफरा मुख्य मार्ग होते हुए पुलिस ग्राउंड दोपहर 3 बजे पहुंचेगी। आयोजन की तैयारी में राजपाल, दिनेश सिंह, संजय सिंह, द्वारका साहू, हरीश साहू, प्रभाकर राव,आकाश यादव, बीआर साहू, विष्णु अग्रवाल, सुनील रजक व बजरंग दल तिफरा खंड समिति ने नगर में तोरण झंडा बैनर लगाने की जिम्मेदारी ली है।

### दामाखेड़ा की गुरु माता साहिबा मनीषा देवी का शहर प्रवास कल

बिलासपुर। कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा की गुरु माता साहिबा मनीषा देवी का शुक्रवार पांच अप्रैल को दोपहर 12 बजे सद्गुरु कबीर आश्रम घुरू अमेरी में आगमन हो रहा है। सभी सद्गुरु के नेमी, प्रेमी भक्तजन सपरिवार आकर दर्शन, बंदगी का लाभ लेकर अपने जीवन को कृतार्थ करें। गुरु माता साहेब के आगमन की तैयारी में राकेश मानिकपुरी, अभिषेक दास, मनहरण दास, समारू दास, गणेश दास, बबलू दास, ईश्वर दास सहित पूरे कबीरपंथ समाज बिलासपुर के लोग लगे हुए हैं।

### वाइज टूथ डेंटल क्लीनिक ने किया बच्चों का हेल्थ चेकअप

बिलासपुर। आई तुलजा भवानी चौक इंदिरा सेतु के पास स्थित वाइज टूथ डेंटल क्लीनिक कुदूदंड द्वारा आनंद मार्ग स्कूल कोनी में 1 व 2 अप्रैल को बच्चों के लिए 2 दिवसीय निःशुल्क डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इसमें 275 से अधिक बच्चों के दांतों की जांच की गई। इसके अलावा मौसमी बीमारी से होने वाले रोगों से बचने के उपाय बताए गए। दांतों की सड़न से बचने के लिए आवश्यक दवा का उपयोग करने की जानकारी दी गई। क्लीनिक के संचालक डा. चिन्मयी दिघ्रस्कर ने बच्चों को दंत में होने वाले रोगों का समय पर इलाज कराने की समझाइश दी। संस्था द्वारा समय-समय पर जनहित में शिविर लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। टीम का पूरा सहयोग रहा।

## महंत के बयान पर पलटवार, कहा-प्रधानमंत्री को लाठी मारने जैसा बयान अमर्यादित

# कांग्रेसियों के मन में हताशाः अमर

बिलासपुर। भारतीय जनता पार्टी के बिलासपुर लोकसभा क्लस्टर प्रभारी एवं बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर लाठी मारने जैसे बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि कांग्रेस नेताओं के मन में हार को लेकर हताशा है, इसलिए वे अभद्र व अमर्यादित बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ भाजपा द्वारा पूरे प्रदेश में अभियान चलाया जाएगा।

भाजपा कार्यालय में बिलासपुर विधायक एवं लोकसभा कलस्टर प्रभारी अमर अग्रवाल ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं के मन को हताशा ने घेर लिया है, उन्होंने अभी से अपनी हार मान ली है, यही वजह है कि वे अमर्यादित बयान देने लगे हैं। अनेकों बार सांसद, विधायक और विधानसभा अध्यक्ष जैसे जिम्मेदार व महत्वपूर्ण पदों में रहने वाले चरणदास महंत का राजनांदगांव में दिया गया बयान बहुत ही अभद्र और अमर्यादित है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल और देवेन्द्र यादव देश के प्रधानमंत्री को लाठी लेकर दौड़ाने, मोदी जी का सर फोड़ देने उन्हें चीन भगा देने की क्षमता रखते हैं। भरी सभा में उनके इस बयान से पूरे प्रदेशवासी आश्चर्यचकित हैं और गुस्से से भरे हुए हैं। एक तरह से महंत जी ने प्रदेश में कांग्रेस की संभावित हार को देखकर ऐसा बौखलाहटपूर्ण बयान दिया है और इसी बौखलाहट में उन्होंने अपने पार्टी के नेता भूपेश बघेल और देवेन्द्र यादव के आपराधिक चरित्र के होने की पुष्टि भी कर दी है, परन्तु वे भूल गए हैं कि देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी इस वक्त अकेले नहीं है, देश की एक करोड़ 40 लाख जनता उनका परिवार है। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता उनके परिजन हैं और प्रधानमंत्री मोदी के लिए वे स्वयं पहले लाठी खाने के लिए तैयार हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि मोदी जी का अपमान देश का अपमान है। पहले भी कांग्रेसियों ने मोदी जी के बारे में अनेक आपत्तिजनक शब्द बोले चौकीदार चोर है, मौत का सौदागर, चाय वाला, देश ने इन्हीं हरकतों के कारण कांग्रेस को विपक्ष के लायक भी नहीं छोड़ा और इसकी परिणीति क्या हुई, यह भी देश के जनता ने देखा और आने वाले समय में भी प्रदेश भी मोदी के अपमान का बदला लेगी। अब जनता इनके भविष्य का फैसला करेगी। विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने केवल गलतियां की है, भ्रष्टाचार किए हैं उससे उन्हें अपनी हार सामने दिखाई दे रही है और इसलिए कांग्रेस अपने असली रूप में आ गई है, लेकिन उन्हें हम प्रदेश का माहौल बिगाड़ने, हिंसा फैलाने से पूरी शक्ति से रोकेंगे। यहां तक ज्योत्सना महंत स्वीकार किया है कहा है कि भ्रष्टाचार हुआ है, जिला खनिज मद की अनाप शनाप बंदरबांट की गई है, लेकिन वे इसमें शामिल नहीं हैं।




कांग्रेस के बयान के खिलाफ भाजपा नेताओं ने पुराना बस स्टैंड चौक पर पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने कांग्रेस का प्रतीकात्मक पुतला दहन भी किया।

## लोकसभा क्षेत्र के अधिकारी-कर्मचारी डाकमत पत्र से कर सकेंगे मतदान

बिलासपुर। लोकसभा निर्वाचन 2024 में निर्वाचन कार्यों में नियुक्त अन्य लोकसभा क्षेत्रों के अधिकारी-कर्मचारी डाकमत पत्र या ईडीसी से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। डाक मतपत्र शाखा के नोडल अधिकारी ने बताया कि ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जो दूसरे लोकसभा क्षेत्र के मतदाता हैं लेकिन ड्यूटी बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र क्र. 5 में लगाई गई है। वे अपने मताधिकार के उपयोग के लिए डाक मतपत्र अथवा निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) के लिए आवेदन सीधे अपने लोकसभा क्षेत्र से संबंधित रिटर्निंग अफसर को प्रेषित करेंगे। संबंधित रिटर्निंग आफिसर से मतदान के संबंध में यदि कोई सूचना प्राप्त होती है तो उन्हें उनके संबंधित विभाग के माध्यम से सूचित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अन्य राज्यों के अधिकारी कर्मचारी जिनकी ड्यूटी लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 5 बिलासपुर में निर्वाचन संबंधी कार्यों में लगाई है वे अपने संबंधित लोकसभा क्षेत्र के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार संबंधित रिटर्निंग आफिसर से संपर्क करेंगे। डाक मतपत्र एवं ईडीसी के माध्यम से वोट देने के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यालय स्थित डाक मतपत्र शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

## आंबा कार्यकर्ता व समूह की दीदियां मतदान के लिए कर रहीं जागरूक

बिलासपुर। लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान के जरिए बिलासपुर का अभिमान बढ़ाने आज मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप के तहत दीवार लेखन, रैली, शपथ एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत बिल्हा ब्लॉक के ग्राम तेलसरा में भैंसबोड़ कलस्टर द्वारा स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समूह की दीदियों ने दीवार लेखन के जरिए मतदाताओं को जागरूक किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी मतदान जागरूकता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। स्वीप कार्यक्रम में महिलाएं अपनी सक्रिय भूमिका दर्ज करा रही हैं। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपने आस पास के सभी वोटरों को मतदान के लिए जागरूक करते हुए स्वीप कार्यक्रम में बिहान की दीदियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, महिलाओं एवं ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और महिलाओं ने रंगोली बनाकर मतदान करने की शपथ ली। रैली के माध्यम से मतदान जागरूकता का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में एडीशनल सीईओ जिला पंचायत, डीएमएम एवं बीपीएम भी मौजूद थे।

### छग केशरवानी वैश्य महिला सभा के फाग गीत में शांता व रमा बेस्ट रहीं



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ केशरवानी वैश्य महिला सभा की प्रदेश अध्यक्षा विभा विजय केसरवानी की अध्यक्षता में हिंदू नव वर्ष पर होली मिलन महोत्सव प्रदेश स्तरीय डिजिटल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश केसरवानी सभा के अध्यक्ष अशोक केसरवानी, महामंत्री निलेश गुप्ता, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रतनमणी केसरवानी, विशिष्ट अतिथि रोहित केसरवानी, छग प्रदेश सभा के संरक्षक विजय केसरवानी, अशोक मनेंद्रगढ़, कल्याणी, डॉ वंदना, सुनीता, महामंत्री बीना, प्रदेश महिला सभा की संरक्षक प्रीति, मनीषा, कविता, प्रदेश महिला सभा की महामंत्री आरती गुप्ता रहीं। महामंत्री आरती गुप्ता के मार्गदर्शन एवं ज्योति संजय गुप्ता के समन्वय सहयोग से कार्यक्रम का संचालन अनिता विजय केशरवानी ने किया। इस दौरान ऑनलाइन गेम के प्रथम राउंड में मनीषा, विभा, आरती का प्रदर्शन अच्छा रहा। दूसरा राउंड गाल पर दिल में रजनी भाटापारा, किरण गुप्ता बेस्ट रहीं। तीसरा राउंड फाग गीत में शांता गुप्ता और रमा गुप्ता बेस्ट रही। चौथे राउंड में भावना गुप्ता बेस्ट रही। पांचवा राउंड सतरंगी चूड़ी चुनरी में रिचा केसरवानी और लक्ष्मी केसरवानी बेस्ट रही। इसी तरह छठवें राउंड बैलून राउंड में आभा सारंगढ़ एवं कल्पना चंद्रपुर बेस्ट रही। सातवां चुटकुला राउंड में मनीषा बिलासपुर एवं कल्पना चंद्रपुर बेस्ट रही।

### बिलासा वरिष्ठ नागरिक मंच के वार्षिक अधिवेशन में रखा आय-व्यय का ब्यौरा



बिलासपुर। बिलासा वरिष्ठ नागरिक मंच का वार्षिक अधिवेशन मुख्य अतिथि कवि विजय तिवारी व विशिष्ट अतिथि कवि बुधराम यादव के आतिथ्य में आयोजित किया गया। इसमें अध्यक्ष शशिप्रकाश ने मंच के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। सचिव रविंद्र कुमार मिश्रा ने वर्षवार मंच की गतिविधियों तथा उपलब्धियों का वाचन किया। कोषाध्यक्ष अशोक बाजपेई ने गत समयावधि के आय-व्यय का ब्योरा सभी के सामने प्रस्तुत किया। आगामी वर्ष के लिए किए गए योजनाओं पर भी चर्चा की। मंच के सदस्यों ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का आत्मीय स्वागत किया गया। इसके बाद उपाध्यक्ष रमेश चंद्र सोनी ने अतिथियों का परिचय देते हुए समाज के प्रति उनके योगदान को बताया। मुख्य अतिथि विजय तिवारी ने अपने अनुभवों का उल्लेख करते युवाओं को समाज के विकास के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने मंच के विकास को लेकर अपने विचार रखे और सभी सदस्यों से सहयोग की अपील की। सभा को विशिष्ट अतिथि बुधराम ने भी संबोधित किया। अध्यक्ष शशि प्रकाश मिश्रा ने अतिथियों को स्मृति चिंह भेंट कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन मोहन सिंह ने किया। वार्षिक अधिवेशन को सफल बनाने बिलासा वरिष्ठ नागरिक मंच के सभी नागरिकों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया।

### शिक्षा संस्थानों को पारदर्शी कार्यप्रणाली बनाने विश्वसनीयता बढ़ानी होगी



बिलासपुर। उच्च शिक्षा विभाग छग शासन द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन के लिए गठित कार्यसमूह 2 की बैठक 3 अप्रैल को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में आयोजित की गई। इसमें एयू के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ बाजपेई ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कहा कि सफल कार्यान्वयन के लिए सभी शिक्षा संस्थानों को पारदर्शी कार्यप्रणाली और सभी हितधारकों की भागीदारी के माध्यम से विश्वसनीयता बढ़ानी होगी। प्रबंधन के प्रभावी सिद्धांतों को विकसित करना होगा। सरकार को कानूनी, नीतिगत, नियामकीय और संस्थागत सुधारों को अपनाने के साथ एक विश्वसनीय सूचना तंत्र का निर्माण और नियामक संस्थाओं, सरकारी एजेंसियों तथा उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच अनुकूलनशीलता के विकास पर विशेष ध्यान देना होगा। बैठक में गठित किए जाने वाले विभिन्न आयोगों एवं परिषदों की गठन की संचरना, उद्देश्य एवं कार्य के संदर्भ में चर्चा कर अंतिम रूप दिया गया। बैठक में कार्यसमूह की अगली बैठक 7 अप्रैल को ऑनलाइन माध्यम से करने का निर्णय लिया गया। जिसमें ड्राफ्ट को अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में कार्यसमूह के सदस्य डॉ. आरएस खेर, डॉ. अलेख कुमार साहू, डॉ. सुमित अग्रवाल, हेमचन्द यादव, डॉ.एचएस होता, तिलक सेनगुप्ता आदि मौजूद थे।

### गर्मी में लोगों को राहत देने राजीव गांधी चौक पर खोला गया प्याऊ घर




बिलासपुर। भीषण गर्मी को देखते हुए राजीव गांधी चौक में प्याऊ घर खोला गया है। इसका संचालन श्री सूर्या पुष्पा फाउंडेशन परिवार द्वारा किया जा रहा है। इसकी देखरेख मनीराम साहू और संदीप गड़ेवाल कर रहे हैं। इस अवसर पर फाउंडेशन के डायरेक्टर गौरव शुक्ला अध्यक्ष डॉ रमेश वैष्णव, जया साहू, टिकेश्वर साहू, सतेन्द्र प्रजापति, सुनील साहू, संदीप गढ़ेवाल, राघव साहू, मनीराम साहू मौजूद थे।

### साधु वासवानी सेंटर बिलासपुर ने वृद्धाश्रम में की भोजन सेवा




बिलासपुर। साधु वासवानी सेंटर बिलासपुर द्वारा वृद्धाश्रम में भोजन सेवा की गई। इसमें 55 लोगों को दाल, चावल, चपाती, सब्जी, फल, मीठा का वितरण किया गया। वहीं जरूरतमंद दो सौ लोगों को बिलासपुर स्टेशन में भोजन कराया गया।

## माशिमं की परीक्षाओं में 10वीं, 12वीं के विद्यार्थियों को बोनस नंबर

# 133 स्पोर्ट्स स्टूडेंट्स को मिलेंगे अतिरिक्त 20 अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खेलों में खेलने वाले खिलाड़ियों को 10 वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षा में अतिरिक्त 20 अंक बोनस के रूप में दिए जाएंगे। स्काउट गाइड्स, एनएसएस और एनसीसी कैडेटों को भी माशिमं परीक्षाओं में बोनस अंक देगा। माशिमं ने स्कूल शिक्षा विभाग से न ऐसे छात्रों की सूची मंगाई थी।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बिलासपुर जिले के 133 छात्र-छात्राओं की सूची माध्यमिक शिक्षा मंडल को भेजी है। हर वर्ष राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाले छात्रों को बोनस अंक का लाभ मिलता है। इसमें खिलाड़ियों, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट गाइड्स सहित अन्य को उनकी योग्यता के आधार पर दिए जाने वाले बोनस अंक देने का प्रावधान है। अधिकारियों ने बताया कि यह बोनस अंक इन्हें इस वजह से दिया जाता है। कि आम छात्रों की तरह सिर्फ पढ़ाई में ही इनका ध्यान नहीं रहता, बल्कि अन्य गतिविधियों में भी ये शामिल रहते हैं। यह अंक मिलने से इन्हें सहूलियत मिलती है।

### 10 वी के 45 और 12 वीं के 88 छात्र शामिल

शिक्षा विभाग ने इस बाद अतिरिक्त बोनश अंक की जो सूची भेजी है। उसमें जिले में 10 वीं से 45 और 12 वीं से 88 छात्रों को बोनस अंक दिए जाएंगे। इसमें 124 छात्र- छात्राओं ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता और 9 छात्र-छात्राओं ने भारतीय ओलंपिक संघ सहित विभिन्न खेलों से संबंधित संघ द्वारा आयोजित खेलों में भाग लिया था। दोनों कक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं की जांच चल रही है। इसके बाद बोर्ड जल्द ही नतीजे घोषित करने वाला है।



### इन खेलों के खिलाड़ियों को फायदा होगा

जिले के जिन 133 बच्चों को अतिरिक्त बोनस अंक मिलने वाले है, वो कबड्डी, बेसबाल, हॉकी, कराते, क्रिकेट, कुश्ती, साइकिल पोली, पावर लिफ्टिंग, वेट लिफ्टिंग, तिरंदाजी, तैराकी, वाटर पोला, तलवार बाजी, थ्रो बाल, बैडमिंटन सहित अन्य खेल गतिविधियों में शामिल होने वाले छात्र-छात्राएं है। अफसरों के अनुसार राज्य स्तर पर खेलने हुए पदक हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को 10 अंक, राष्ट्रीय स्तर पर 15 अंक तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 20 अंक दिए जाएंगे।

### खिलाड़ी छात्रों का भेजा नाम

बोर्ड परीक्षा में खेल खेलने वाले खिलाड़ी छात्रों को अतिरिक्त बोनस अंक दिए जाने का प्रावधान है। हमारे जिले से इस बार 133 छात्र-छात्राओं का नाम माध्यमिक शिक्षा मंडल को भेजा गया है। इन छात्रों को उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन में अतिरिक्त अंक मिलेगा।
- टीआर साहू, जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर।

# जोन कमिश्नर निकलेंगे फील्ड पर, रोजाना देंगे रिपोर्ट

बिलासपुर। नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने बुधवार को निगम के अधिकारियों की मिंटिंग लेकर सभी जोन कमिश्नरों को सप्ताह में चार दिनों सुबह अपने-अपने जोन क्षेत्रों का निरीक्षण करने और समस्याओं का चिन्हांकन कर उसका समाधान कराने का निर्देश दिया है।

नगर निगम कमिशन अमित कुमार ने सभी जोन कमिश्नरों को लगातार फील्ड पर जाकर जायजा लेने के निर्देश दिए। दृष्टि सभाकक्ष में आयोजित मिंटिंग में उन्होंने कहा कि सभी मुख्य मार्गों में सफाई, पानी की निरंतर आपूर्ति और स्ट्रीट लाईट की मानिटरिंग करें और कहीं पर भी समस्या या खामी पाई जाती है तो तत्काल उसका निराकरण करें। वार्डों में साफ-सफाई और शुद्ध पानी के कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खासकर पानी के दूषित होने या नहीं पहुंचने की शिकायत को गंभीरता से लें। मिंटिंग में निगम कमिश्नर ने सभी जोन को फार्मेट प्रदान करने के निर्देश दिए हैं, जिसमें दौरे की संपूर्ण जानकारी, अलग-अलग सेक्टर की समस्याएं और उसके निराकरण का विवरण उल्लेखित रहेगा।

### नाला निर्माण शीघ्र पूर्ण करेंः कमिश्नर

बुधवार की सुबह नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने शहर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया, जिसमें पुराना बस स्टैंड से कश्यप कालोनी में बनाए जा रहे नाला का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान निगम कमिश्नर ने ठेकेदार और अधिकारियों को काम में तेजी लाने और शीघ्र पूरा करने निर्देश दिए। इसके अलावा सिरगिट्टी क्षेत्र में जल आवर्धन योजना के तहत पेयजल व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। व्यापार विहार स्मार्ट रोड में चल रहें अंडरग्राउंड केबलिंग का भी जायजा लेते हुए शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

# स्टेट कैंसर यूनिट: सामग्री लाने वाले रास्ते को जेसीबी से खोद किया बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी में बन रहे कैंसर यूनिट का रास्ता वेटनरी कॉलेज प्रबंधन ने बंद करा दिया है। इस रास्ते को जेसीबी से खोदकर उसके ऊपर एक पेड़ को काटकर डाल दिया गया है, जिसके कारण निर्माण सामाग्री कार्य स्थल पर नहीं पहुंच पा रही है। ऐसे में छड़ बांधने और लेंटर की ढलाई जैसे काम धीमी हो गई है।

केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त तत्वावधान में कोनी स्थित मल्टी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल परिसर में ही कैंसर अस्पताल बनाया जा रहा है। इसमें 60 फीसदी हिस्सा केंद्र सरकार का और 40 फीसदी हिस्सा राज्य सरकार का है। कैंसर यूनिट के लिए 1.87 एकड़ भूमि पर निर्माण चल रहा है। शासन से 80 करोड़ रुपए उपकरण के लिए और 35 करोड़ रुपए बिल्डिंग निर्माण के लिए स्वीकृत किए गए हैं। इसका निर्माण सीजीएमएससी करा रही है। जिसका ठेका जेपी कंट्रक्शन को दिया गया है। ठेकेदार ने 25 फरवरी 2023 से काम शुरू कर दिया है। इसे 24 माह में पूरा करके हैंडओवर किया जाना है। लेकिन निर्माण कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। 13 महीने में बड़ी मुश्किल से 35 प्रतिशत ही काम हो पाया है।




कोनी स्थित मल्टी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल परिसर में पड़ी निर्माण सामग्री, वहीं पेड़ काटकर रास्ते में डाल दिया।

### भूमि को लेकर तीन विभाग में टकराव

कोनी में जहां सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल बन रही है। वहां सिम्स को 44 एकड़ जमीन आवंटित है। इसी से लगी हुई भूमि वेटनरी कॉलेज को मिली है। ऐसे में इंदरा गांधी कृषि महाविद्यालय की जमीन का भी कुछ हिस्सा इसमें मिला लिया गया है। ऐसे में यहां भूमि को लेकर तीन विभाग में टकराव होते रहते हैं। वर्तमान में सिम्स सुपरस्पेशलिट हॉस्पिटल बन गई है। इसके लिए जो सड़क बनी है। वो हैंडओवर नहीं होने से कैंसर यूनिट के लिए सामग्री लाने नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते वेटनरी कॉलेज से अस्थाई रास्ता खोल सामान ला रहे है। अब इस रास्ते के लिए भी विवाद शुरू हो गया है।

### कैंसर यूनिट में ये सुविधाएं मिलेंगी

कोनी में स्टेट कैंसर अस्पताल में मरीजों के इलाज के साथ ही कैंसर के प्रकारों पर शोध किया जाएगा। यहां दवा पर भी शोध किया जाएगा। रेडियोथैरेपी, कीमोथैरेपी के साथ ही सभी तरह के कैंसर का इलाज होगा। कैंसर यूनिट बनने के साथ ही कीमोथैरेपी और रेडियोथैरेपी की मशीन बिठाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। कीमोथैरेपी, रेडियो थैरेपी, आंकोलाजी, अंको सर्जरी की चार ब्रांच खोले जाएंगे।

### सचिव के आदेश पर खोला रास्ता

वेटनरी कॉलेज वाले रास्ते को बंद कर दिया गया था। इसके चलते सामान नहीं आ पा रहा है। सिम्स के डीन ने वेटनरी कॉलेज के डीन और मंत्रालय में विभागीय सचिव से बात की, इसके बाद कुछ दिनों के लिए इस रास्ते का उपयोग करने दिया गया। शाम को खोदी हुई सड़क को पाटा गया है।

- डॉ. सीके ध्रुव, कैंसर यूनिट के प्रभार।

## खबर संक्षेप

### 4 किलो गांजा सहित युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने गांजा लेकर जा रहे एक युवक को पकड़ लिया है। उसके पास से 4 किलो गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने गांजा जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। तोरवा पुलिस को सूचना मिली आरपीएफ कालोनी पानी टंकी के पास एक युवक गांजा रखकर ग्राहक की तलाश कर रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर संजू गोंड उर्फ काजिम शाह पिता छोटेलाल गोंड 20 साल करगीरोड कोटा निवासी को पकड़ लिया। उसके पास से 4 किलो गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### युवक पर हंसिया से जानलेवा हमला

**बिलासपुर।** एक युवक पर हसिया से जानलेवा हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, मंगलवार की रात देवरीडीह निवासी संजय यादव अपनी मां को दोस्तों से मिलने जाने की बात कहकर निकला था। उसके दोस्त अभिषेक ने बड़े भाई सन्नी यादव को फोन कर बताया, संजय के साथ मारपीट हो गई है और वह घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। सन्नी यादव मौके पर गया तो उसके भाई संजय ने बताया, होली दहन के दिन बलराज सिंह ध्रुव की बाइक की सीट को किसी ने जला दिया था। इसी बात की शंका को लेकर बलराज सिंह ध्रुव उसके साथी ने रोका ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई, बलराज ने हंसिया से जानलेवा हमला कर दिया है। उन्हें इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने सन्नी यादव की रिपोर्ट पर हमलावर हमलावरों के खिलाफ धारा 294, 323, 324, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### चाकू से हमलाकर लूट, दो दिन हुई एफआईआर दर्ज

**बिलासपुर।** जांजगीर जिला के कोसा निवासी अशोक कुमार धीवर 1 अप्रैल को सुबह 4 बजे ट्रेन से रेलवे स्टेशन आए। उनके बाद एक अन्य यात्री रायगढ़ निवासी रामलाल के साथ पैदल तोरवा नाका जा रहे थे। सुबह पौने 4 बजे बुधवारी रोड फुटबाल ग्राउंड के पास पीछे से ई रिक्शा सवार दो लोग आए और दोनों के जेब से दो मोबाइल व 500 रुपए लूट लिया। विरोध करने पर अशोक धीवर जांघ में चाकू घोंपकर दिया गया था। दूसरे दिन मामले में अपराध कायम किया गया है। दो दिन बाद भी पुलिस लुटेरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### 6 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर ट्रेनों में प्रि-इलेक्शन सीजर चेकिंग और आपरेशन नारकोस के तहत लगातार जांच की जा रही है। ऐसे में बुधवार रात 12:25 बजे रात्रिकालीन चेकिंग के दौरान अपराध गुप्तचर शाखा डिटेक्टिव विंग बिलासपुर के प्रभारी निरीक्षक कर्मपाल सिंह गुर्जर को मुखबिर से सूचना मिली की बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर के हावड़ा छोर शौचालय के पास एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ के साथ मौजूद है। जानकारी मिलने पर गुप्तचर शाखा की टीम वहां पहुंची जहां से अकलतार के किरारी गांव निवासी बालेश्वर साहू 45 वर्ष को पकड़ा, उसके पास एक हैंड बैग और पिट्ठु बैग से 3 पैकेंट बरामद किए। इसमें 6 किलो गांजा था। जिसका अनुमानित कीमत 1 लाख 20 हजार रूपए है। पुछताछ के दौरान बालेश्वर ने बताया कि वह उक्त गांजे को झारसुगुड़ा (उड़ीसा) से लेकर बिलासपुर आया था।

पुलिस का कसा शिकंजा, लगातार कार्रवाई से कबाड़ के कारोबारियों में दहशत

# परसदा की कबाड़ी दुकान में छापा, दो गाड़ियों में 3 लाख का कबाड़ जब्त, दो लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने कबाड़ियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। एक बार फिर पुलिस ने परसदा के चर्चित कबाड़ी की दुकान में छापा मारकर दो गाड़ियों में रखा 3 लाख के लोहे का कबाड़ बरामद किया है। पुलिस ने कबाड़ सहित गाड़ी जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

एडीशनल एसपी ग्रामीण अनुज कुमार को सूचना में परसदा स्थित बबलू उर्फ सजमुद्दीन के कबाड़ी दुकान में भारी मात्रा में चोरी के लोहे का सामान खपाने के लिए गाड़ियों में लोड किया जा रहा है। एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर एएसपी अनुज ने चकरभाठा थाने के स्टाफ के साथ कबाड़ी दुकान में दबिश दी। तलाशी लेने पर एक ट्रक व पिकअप में ट्रक का बाडी, लोहे का एंगल एवं अन्य सामान मिला। ट्रक ड्राइवर गोलू यादव एवं पिंटू बांधे से पूछताछ करने पर उक्त कबाड़ बबलू उर्फ जसमुद्दीन व सुरेन्द्र कोसले का होना बताया। दोनों कबाड़ियों को मौके पर तलब कर कबाड़ के दस्तावेज मांगा। वे दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। चोरी के संदेह पर पुलिस ने कबाड़ से भरी दोनों गाड़ियों व कबाड़ी बबलू उर्फ जसमुद्दीन खान पिता कुतुबुद्दीन खान 45 साल भारतीनगर, सुरेन्द्र कोसले पिता चंद्र प्रकाश कोसले 28 साल अमेरी निवासी को पकड़कर चकरभाठा पुलिस के हवाले कर दिया। चकरभाठा पुलिस ने धारा 41, 1, 4 / 379 के तहत कबाड़ सहित दोनों गाड़ियों व कबाड़ियों को गिरफ्तार कर लिया है।

- खपाने के लिए गाड़ियों में लोड कर रहे थे कबाड़



परसदा स्थित बबलू कबाड़ी की दुकान से कबाड़ सहित वाहन हो जब्त किया गया।

### एक दिन पूर्व दो कबाड़ी दुकानों में हुई कार्रवाई

एक दिन पहले सिविल लाइन सीएसपी ने यदुनंदननगर स्थित फिरोज मेमन के कबाड़ी दुकान से 8 लाख के दो छोटा हाथी सहित कबाड़ व काली मंदिर के पास स्थित इमरान खान के कबाड़ी दुकान से 4 लाख के छोटा हाथी सहित कबाड़ जब्त किया गया था। इसमें रेलवे के लोहा होने का संदेह जाहिर किया गया है। दोनों जगहों से दो कर्मचारियों को पकड़कर खानापूर्ति कर ली गई थी। कबाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई थी। जीएसटी विभाग को टैक्स चोरी का प्रकरण के लिए सूचना दी गई है।

### इन कबाड़ी दुकानों में नहीं जांच

तीन कबाड़ी दुकानों में दबिश देकर लाखों के चोरी के संदेह पर लोहे का सामान बरामद किया है। किन्तु हिर्री पेंड्री बाइपास चौक, 36 सिटी माल के बाजू में, मंगला चौक पेट्रोल पंप के बाजू, राजीव गांधी चौक, तालापारा बजरंग चौक, सकरी देवार बस्ती में बड़ी कबाड़ी दुकान शान से चल रही हैं। अब तक पुलिस ने इन कबाड़ी दुकानों की जांच नहीं की है।




### पूर्व में भी सुर्खियों में आया था कबाड़ी

पूर्व में रेलवे के चोरी का लोहा खरीदकर खपाने के मामले में आरपीएफ पुलिस चर्चित कबाड़ी फिरोज मेमन की तलाश कर रही थी। बताया जाता है करोड़ों रुपए के रेलवे के चोरी का लोहा खरीदकर खपा दिया गया था।

राजस्व विभाग की टीम ने की कार्रवाई

# मिनोचा कालोनी के सामने की जमीन का किया सीमांकन



नाप-जोख की कार्रवाई करती राजस्व विभाग की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट के आदेश पर राजस्व विभाग के आरआई, पटवारियों की नई टीम द्वारा बुधवार को मिनोचा कालोनी के सामने बन रही सड़क, नाली से लगी हुई जमीन का सीमांकन किया गया। खसरा नंबर 1600 के सभी हिस्सों की नाप-जोख कर पंचानामा तैयार किया गया। सीमांकन के दौरान नजूल तहसीलदार समेत राजस्व और नगर निगम की टीम उपस्थित रही।

महावीर नगर से उसलापुर आरओबी तक सड़क चौड़ीकरण एवं नाली निर्माण कार्य के चलते यहां पर जमीन संबंधी विवाद कई बार सामने आ चुका है और शासकीय जमीन समेत निजी खसरा नंबरों वाली जमीन की भी कोर्ट के आदेश पर नाप-जोख हुई है। इस बार भी हाईकोर्ट के आदेश पर मौजा मंगला स्थित खसरा नंबर 1602/2 क्षेत्रफल 2800 वर्गफीट भूमि का सीमांकन रिपोर्ट 5 अप्रैल के पूर्व पेश करना है, इसलिए उक्त भूमि के सीमांकन के लिए बिलासपुर तहसीलदार द्वारा राजस्व व नगर निगम की संयुक्त टीम गठित की गई है। इस टीम में आरआई मोतीलाल कुर्रे, कुलदीप शर्मा, अनंत सुशील एक्का, पटवारी विजय कुमार कोसले, पराग महिलांगे, अनिल कुार जायसवाल, आदिल खान, भारत सिंह राज सहित नगर निगम के उप अभियंता जुगलकिशोर सिंह व पटवारी हरिश जैन शामिल हैं। नजूल में पदस्थ तहसीलदार शिल्पा भगत की उपस्थिति में राजस्व व निगम की टीम द्वारा मौके पर खसरा नंबर 1600 के सभी टुकड़ों का सीमांकन किया गया।



- खसरा नंबर 1600 के सभी टुकड़ों की हुई नाप
- नजूल तहसीलदार समेत राजस्व व निगम की टीम रही उपस्थित

### कई बार हो चुकी नाप

महावीर नगर से उसलापुर आरओबी के आसपास के निजी जमीन मालिकों द्वारा सड़क की जमीन को लेकर विवाद के संबंध में कोर्ट में सीमांकन के लिए मामला लगाया गया था और कोर्ट के आदेश पर अलग-अलग खसरा नंबरों वाली जमीन की कई बार नाप-जोख हो चुकी है। इसके पूर्व ओवरब्रिज से लगे हुए पाटीदार भवन के आसपास के निजी जमीन की नाप-जोख हुई थी। कच्ची रेल लाइन वाली खसरा नंबर 1552 स्थित जमीन पर नगर निगम द्वारा चौड़ी सड़क, नाली का निर्माण कराया जा रहा है, इसके लिए नगर निगम की टीम द्वारा पूर्व में सीमांकन कराया गया था, न्यायालय द्वारा निरस्त होने के बाद नया सीमांकन करने का आदेश दिया गया है। पूर्व में तीन बार सीमांकन किया जा चुका है। लगभग एक साल निकल गया है और न तो सीमांकन पूर्ण हो पाया है और न ही रोड, नाली का काम पूरा हो पाया है। रोड, नाली के नहीं बनने से आसपास के सभी लोग अत्यंत प्रभावित और परेशान हैं।

### किया जा रहा है सीमांकन

हाईकोर्ट के आदेश पर राजस्व एवं नगर निगम टीम द्वारा जांच, सीमांकन किया जा रहा है। खसरा नंबर 1600 के कई बंटाकन हुए हैं, इसलिए सभी बंटाकन भूमि की नाप-जोख की रही है, जिसके लिए आरआई, पटवारियों की टीम लगी हुई। इसके आधार पर सीमांकन रिपोर्ट तैयार होगी।

-शिल्पा भगत
तहसीलदार, नजूल शाखा

# गश्त पाइंट मंगला चौक की तीन दुकानों में चोरों का धावा, पुलिस को भनक तक नहीं

**बिलासपुर।** बीती रात गश्त पाइंट मंगला चौक की तीन दुकानों में चोरों ने धावा बोलकर सामान व नकद रकम चोरी कर लिया। गश्त में तैनात पुलिसकर्मियों को भनक तक नहीं लगी। पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है।

मंगला निवासी अतुल उपाध्याय ने बताया वह मंगला चौक में कपड़ा दुकान चलाते हैं। रोज की तरह मंगलवार की रात दुकान बंद कर घर चले गए थे। बुधवार की सुबह वह दुकान खोले तो सामान अस्त व्यस्त पड़े थे। गल्ला खुला हुआ था। उसमें रखा 5 हजार रुपए नकद, जींस पेंट, टीशर्ट, शर्ट चोरी हो गई थी। दुकान के उपर का दरवाजा खुला हुआ था। उनके दो दुकान के बाद में कुदूदण्ड निवासी विकास रजक के दुकान से 1500 रुपए नकद, 2 हजार के सिगरेट का पैकेट चोरी कर लिया गया है। उसके बाजू में स्थित दादा बिरयानी दुकान से 6 हजार के कोल्डड्रिंक, फ्रूटी चोरी कर आसानी से भाग गए और रात्रि गश्त में तैनात पुलिसकर्मियों को भनक तक नहीं लगी है।



चोरी के बाद दुकान में बिखरा सामान।

### नहीं लिखी गई एफआईआर

व्यापारियों की सूचना पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंचकर तीनों दुकानों का मुआयाना किया गया है। देर रात तक पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई थी। तीन दुकानों में हुई चोरी की थाने में एफआईआर तक दर्ज नहीं हुआ था।

### सीसीटीवी कैमरे का तार काटा

ऊपर के रास्ते से चोरों ने तीनों दुकानों में धावा बोला। चोरी करने के पहले चोरों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का तार काटकर बंद कर दिया। उसके चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है।

### रात्रि गश्त में तैनात पुलिसकर्मी बेखबर

गश्त पाइंट में तीन दुकानों में चोरी की वारदात ने रात्रि गश्त की पोल खोलकर रख दिया है। ज्ञात हो एसपी के निर्देश पर प्रतिदिन रायफल रखकर रात्रि गश्त कराई जा रही है। उसके बाद भी रात्रि गश्त में तैनात पुलिसकर्मियों के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है।

### तीन दुकान में चोरी हुई है

मंगला चौक के तीन दुकानों में चोरी हुई है। दुकानदारों की सूचना पर दुकानों का मुआयना कर चोरों की पतासाजी की जा रही है। दुकानदार चोरी की रिपोर्ट लिखाने थाने नहीं आए हैं।

-ठाकुर गौरव सिंह प्रशिक्षु डीएसपी सिविल लाइन थाना प्रभारी

# आईजी ने दोषमुक्त प्रकरणों की समीक्षा कर विवेचकों पर कार्रवाई करने का दिया आदेश




**बिलासपुर।** आईजी डा. सजीव शुक्ला ने वर्ष 2024 में रेंज स्तरीय दोषमुक्त 941 प्रकरणों की समीक्षा कर विवेचकों पर कार्रवाई करने व पाक्सो एक्ट के प्रकरणों की गंभीरता से जांच करने का आदेश दिया गया है।

आईजी डा. शुक्ला ने बिलासपुर के 211, रायगढ़ के 153, कोरबा के 155, जांजगीर के 88, मुंगेली के 63, जीपीएम के 35, सारंगढ़ के 134, सक्ती के 102 कुल 941 दोषमुक्त प्रकरणों की समीक्षा की। इनमें सत्र प्रकरण के 110 व अन्य न्यायलयों के 831 प्रकरण रहे हैं। 941 प्रकरणों में पीड़ित पक्षद्रोही होने से कुल 56 गुड दोष के आधार 52 प्रकरणों में अपराधी दोषमुक्त होना पाया गया। विवेचक की त्रुटि से दोषमुक्त हुए 5 प्रकरणों में रायगढ़ व मुंगेली के क्रमशः 2, 2 कोरबा के 1 प्रकरणा पाए गए। इसमें संबंधित पुलिस अधीक्षकों को विवेचकों की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

# दपूमरे ने बनाया 236 मिलियन लदान का रिकार्ड, 29 हजार 490 करोड़ राजस्व

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 236 मिलियन लदान एवं 29000 से अधिक करोड़ रुपए का सकल अर्जन किया है। लदान के क्षेत्र में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे भारतीय रेलवे में दूसरे स्थान पर रहा। पिछले वित्तीय वर्ष से लगभग 10% अधिक लदान राजस्व अर्जन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का पहले स्थान पर रहा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मंडल प्रबंधक के अनुसार हर वर्ष माल लदान और सकल अर्जन के क्षेत्र में अपने सारे रिकॉर्ड तोड़ने वाले दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन ने वर्ष 2023-24 में अब तक का सर्वाधिक माल लदान एवं सकल अर्जन में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में 236.02 मिलियन टन माल लदान किया गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष से लगभग 21.4 मिलियन टन अधिक है। इसी प्रकार 29 हजार 490 करोड़ रुपए का आरंभिक राजस्व अर्जित किया, जो पूरे भारतीय रेलवे में सर्वाधिक है।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

स्वामी जी 93406-38884
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक: 9 मई 2024, 11 जून 2024, 21 जून 2024, 01 सितंबर 2024, 25 सितंबर 2024, 03 अक्टूबर 2024
15 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-21,500/-, 3AC-29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
13 मई से 26 मई 2024, 15 मई से 28 मई 2024
17 मई से 30 मई 2024, 24 मई से 06 जून 2024
29 मई से 11 जून 2024, 01 जून से 14 जून 2024
राशि:-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

3- APRIL- Regional pg -3 Alter_Layout 1 4/3/2024 11:15 PM Page 1



## जॉब अलर्ट

# बैंक क्लर्क भर्ती परीक्षा के नतीजे घोषित, 4045 पदों पर नियुक्ति

**बिलासपुर।** इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सोनेल सेलेक्शन (आईबीपीएस) ने भाग ले रहे विभिन्न राष्ट्रीय बैंक में क्लर्क के 4045 पदों पर भर्ती की चयन प्रक्रिया के अंतिम नतीजों की घोषणा कर दी है। संस्थान द्वारा क्लर्क फाइनल रिजल्ट की घोषणा के साथ ही आईबीपीएस ने क्लर्क मुख्य परीक्षा के अंतिम परिणाम देखने के लिए लिंक को भी आधिकारिक वेबसाइट ibps.in पर एक्टिव कर दिया है। ऐसे में जो उम्मीदवार आइबीपीएस द्वारा आयोजित क्लर्क मुख्य परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, वे अपना आवंटन परिणाम देखने के लिए आधिकारिक वेबसाइट ibps.in पर विजिट कर सकते हैं। वेबसाइट पर जाने के बाद क्लर्क भर्ती सेक्शन में जाएं। इस पेज पर कैंडिडेट्स को अपने रजिस्ट्रेशन नंबर, रोल नंबर तथा पासवर्ड अथवा डेट ऑफ बर्थ की डिटेल के माध्यम से लॉग-इन करना होगा। इसके बाद उम्मीदवार अपना मुख्य परीक्षा परिणाम देख सकेंगे।




### 2023 में मंगाए गए थे आवेदन

गौरतलब है कि आईबीपीएस क्लर्क भर्ती परीक्षा फेज 13 के लिए अधिसूचना जारी करते हुए आवेदन प्रक्रिया 1 जुलाई 2023 से शुरू की थी और आखिरी तारीख 28 जुलाई थी। इसके बाद निर्धारित चयन प्रक्रिया के अंतर्गत पहले चरण में प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन सितंबर 2023 में विभिन्न तिथियों पर किया गया था, जिसके नतीजे 14 सितंबर को घोषित किए गए थे। इसमें सफल घोषित उम्मीदवारों के लिए मुख्य परीक्षा अक्टूबर माह के दौरान आयोजित की गई थी, जिसके नतीजे अब घोषित कर दिए गए।

## एजुकेशन अपडेट

# जेईई मेन के प्रवेशपत्र जारी इसमें दिए गए हैं बारकोड

**बिलासपुर।** इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन के दूसरे सेशन की तैयारी में जुटे उम्मीदवारों के लिए अपडेट है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए जरूरी प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। एजेंसी ने अप्रैल सत्र के घोषित परीक्षा तिथियों में से 4, 5 और 6 अप्रैल के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं, जबकि अन्य परीक्षा तारीखों 8 तथा 9 अप्रैल के लिए एडमिट कार्ड बाद में जारी किए जाएंगे। एनटीए ने अप्रैल में आयोजित होने वाले जेईई मेन के दूसरे सत्र के लिए प्रवेशपत्र जारी करने के साथ ही साथ इन्हें डाउनलोड करने के लिए लिंक को आधिकारिक परीक्षा पोर्टल jeemain.nta.ac.in पर एक्टिव भी कर दिया है।




### 4 अप्रैल से शुरू होंगे सेशन 2 के एग्जाम

ऐसे में जिन स्टूडेंट्स अप्रैल सत्र के पेपर 1 (बीई/बीटेक) में सम्मिलित होने के लिए अपना पंजीकरण किया है, वे पोर्टल पर एक्टिव लिंक से इसे डाउनलोड कर सकते हैं। इसके लिए उम्मीदवारों को अपने अप्लीकेशन नंबर तथा डेट ऑफ बर्थ की डिटेल से लॉग-इन करना होगा, जिसके बाद कैंडिडेट्स अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड तथा प्रिंट कर सकेंगे। उम्मीदवारों से कहा गया है कि वे अपने प्रवेश पत्र को डाउनलोड करने के बाद इस पर दिए गए अपने व्यक्तिगत विवरणों जैसे- नाम, माता-पिता का नाम, जन्म तिथि, फोटो आदि की जांच कर लें।



डिप्टी सीएम अरुण साव के समक्ष भाजपा प्रवेश करते कार्यकर्ता।

# जकांछ के ढाई सौ कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

हरिभूमि न्यूज ⏭ करगीरोड कोटा

**करगी रोड कोटा।** भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में विधानसभा क्षेत्र कोटा से विकास सिंह ठाकुर जो जकांछ से ढाई सौ लोगों के साथ भाजपा का दामन थामा। डिप्टी सीएम अरुण साव ने उन्हें भाजपा का गमछा पहनकर प्रवेश दिलाया व एकजुट रहकर लोकसभा चुनाव को जिताने की अपील की। डिप्टी सीएम ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं से यही कहने आया हूं कि घर-घर जाकर प्रचार प्रसार में लग जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को प्रत्याशी नहीं मिल रहा है। इसलिए भिलाई से देवेंद्र यादव को लोकसभा प्रत्याशी बनाया गया है। क्या बिलासपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की कमी है। उन्होंने कहा कि रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भेजा तो कांग्रेस ने ठुकरा दिया। वहीं मंच पर धरमलाल कौशिक, हर्षिता पांडे, धर्मजीत सिंह विधायक तखतपुर, प्रबल प्रताप जूदेव, बिलासपुर लोकसभा के प्रत्याशी तोखन साहू, अमर अग्रवाल, रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू, सियाराम साहू, रामदेव कुमावत, अरुण सिंह चौहान आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने सम्मेलन में भाग लिया।

■ एकजुट रहकर लोकसभा चुनाव को जिताने की अपील की

भाजपा प्रवेश करने में विकास सिंह ठाकुर, विमल गुप्ता, अनिरुद्ध गुप्ता, दीपक सोनी, मनोज गुप्ता, अजय गुप्ता, राम सोनी, प्रकाश सोनी, बृजभान सिंह ठाकुर, बृजेंद्र मिश्रा, राजेश साहू, नलिन कात साहू आदि कार्यकर्ता को डिप्टी सीएम अरुण साव के नेतृत्व में भाजपा प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर कोटा विधानसभा से भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित रहे।

# देसी फ्रिज आने लगा बाजार में, बेल जूस का भी बढ़ा क्रेज



**बिलासपुर।** इन दिनों शहर में गर्मी का पारा चढ़ने लगा है। लोग गर्मी से बचने एवं अपना गला तर करने व्यवस्था में लग गए हैं। वहीं गर्मी के तेवर को देखते हुए बाजार में देसी फ्रिज के नाम से जाने वाले मटके की दुकान सजकर तैयार है। जिसे फ्रिज का पानी सूट नहीं करता वे लोग इसकी खरीददारी शुरू भी कर दिए हैं।



गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य को ठीक रखने, लू से बचने काफी जतन करने होते हैं। वहीं बेल जूस सहित अन्य जूस वाले चौक-चौराहों में अपनी दुकानें भी सजा लेते हैं। तरबूज, खरबूज की आवक भारी मात्रा में होने लगती है। लोग गला तर करने इसका इस्तेमाल भी अधिक से अधिक करने लगे हैं।



## करसी, सुराही विभिन्न डिजाइनों में

आधुनिकता के इस युग में भी करसी, सुराही का क्रेज कम नहीं हुआ है। गर्मी के आते ही विविध साईज व डिजाइनों में यह बाजार में आने लगता है। परंपरा अनुसार तो कई लोग मटकी, सुराही की खरीददारी अक्षय तृतीया के दिन करते हैं पर कुछ लोग ऐसे भी है जो इसके पहले भी इसका उपयोग शुरू कर देते हैं। कुम्हारों ने बताया कि फ्रीज के चलन के बाद उनका काम कुछ अवश्य प्रभावित हुआ है, पर डिमाण्ड में कमी नहीं आई है। लोग प्याऊ चलाने, मंदिरों में रखने के लिए ऑर्डर करते हैं। नवरात्रि में भी इसकी मांग बढ़ जाती है। इन सब चीजों को देखते हुए गर्मी के शुरू होते ही दुकानें लगा लेते हैं। इसकी कीमत साइज व डिजाइन के हिसाब से तय रहती है। आजकल लोग टोंटी वाले मटके ज्यादा पसंद



## बनारस के बेल से बना रहे शरबत

गर्मी की दस्तक के साथ ही शहर के जेल रोड, कलेक्ट्रेट सहित अन्य स्थानों में बेल जूस बिकने लगा है। इस जूस को पीने से शरीर की गर्मी शांत होती है। पेट संबंधी समस्याएं दूर होती है। वहीं शिव भक्त भी शिव भगवान का प्रिय फल मानकर इस जूस को पीने में रूचि दिखाते हैं। विक्रेताओं ने बताया कि इस समय बेल अंबिकापुर, बनारस से आ रहा है। बनारस के बेल गुदेदार होने के कारण इसका स्वाद भी अच्छा रहता है।




## नारियल पानी व लस्सी से ठंडक

इस भीषण गर्मी में गला बार-बार सूखता है। इस गर्मी में गले को ठंडा रखने लोग नारियल पानी, लस्सी व गन्ना रस पीना चाहिए। शहर के बाजारों में भी रस भंडारों की दुकानें सज गई है। 20 रूपए से लेकर सौ रूपए तक लस्सी एक गिलास बिक रही है। गन्ना रस भी बीस रूपए गिलास बिक रहा है। जेल रोड से लेकर श्रीकांत वर्मा मार्ग तक नारियल पानी के ठेले सजे हुए हैं, इसे भी लोग खूब पी रहे हैं। ठंडा पेय पदार्थों को लोग खूब पी भी रहे हैं।



## पानी अधिक पीएं और जंकफूड से रहें दूर

अप्रैल माह के शुरूवात से ही सूर्य की तपीश से हर कोई परेशान है। दिन को तेज धूप रहने से बाहर निकलने के पहले लोगों को सोचना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में शरीर का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। डॉ विकास अग्रवाल ने बताया कि गर्मी के मौसम में शरीर को पानी की जरूरत होती है, इसलिए अधिक से अधिक पानी पीना चाहिए। इस मौसम में तेल, मसाला व जंकफुड नहीं खाना चाहिए। इस मौसम में शरीर को तंदरूस्त रखने खान-पान का भी विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि किसी तरह की बीमारी शरीर में ना आ पाएं। धूप में निकलने से पहले शरीर को पूरी तरह से कवर होकर निकले, शरीर में धूप सीधे नहीं पड़नी चाहिए।

### छोटी-छोटी चीजों का ध्यान रख तेज गर्मी में करे बचाव

### प्रकृति के अनुरूप रहे



डॉ श्री अग्रवाल ने बताया कि खानापान को भी प्राकृति के अनुसार ही करना चाहिए। इस मौसम में रसीले फलों की भरमार रहती है। इसका सेवन जरूर करना चाहिए, तरबुज, ककड़ी, अनार, संतरा इन फलों को प्रतिदिन दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।

### दही व छांछ भी पीएं

गर्मी में पेट को सबसे अधिक ठंडक दही व छांछ से मिलती है, इसक सेवन तो अवश्य ही करना चाहिए। यह पेट की गर्मी को भी दूर करता है। इसे खाना में शामिल करना चाहिए।

### पानी साफ होना चाहिए

डॉ श्री अग्रवाल कहा कि इस मौसम में पानी की गुणवक्ता का भी ध्यान रखना जरूरी है,कई बार कुछ क्षेत्रों में पाईप लाइन व अन्य कारणों से पानी की सप्लाई खराब होती है। इसका भी ध्यान देना आवश्यक है कि पीने वाली पानी साफ है की नहीं। इससे पीलिया जैसी बड़ी बीमारी हो जाती है।






धूप में निकलने पहले फुल कवर होकर निकलें

# पीएससी मेंस के लिए आवेदन प्रारंभ, प्रारंभिक में चयनित 3,597 अभ्यर्थी कर सकेंगे आवेदन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा मुख्य सेवा परीक्षा के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। 2 अप्रैल दोपहर 12 बजे से आवेदन प्रारंभ किए गए हैं। इसके लिए लिए 2 मई को रात्रि 12 बजे तक आवेदन किए जा सकेंगे। राज्य के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन निशुल्क है तथा अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों को 400 रुपए आवेदन शुल्क देना होगा। हालांकि पोर्टल शुल्क तथा जीएसटी का भुगतान सभी अभ्यर्थियों को करना होगा। आवेदन संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश पीएससी द्वारा अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। मुख्य परीक्षा का आयोजन 24 से 27 जून तक किया जाएगा।

### गलती सुधारने मिलेगा 5 दिन का वक्त



### 21 मार्च को जारी किए गए थे प्रारंभिक परीक्षाओं के परिणाम

पीएससी ने प्रारंभिक परीक्षाओं के परिणाम 21 मार्च को जारी किए थे। प्रारंभिक लिखित परीक्षा में जो अभ्यर्थी क्वालीफाई हुए हैं, वे ही मुख्य परीक्षाओं में शामिल हो सकेंगे। पीएससी 17 विभागों में रिक्त 242 पदों के लिए यह भर्ती परीक्षा आयोजित कर रहा है। 11 फरवरी को हुई लिखित परीक्षा के परिणामों के आधार पर 3 हजार 597 परीक्षार्थियों का चयन मुख्य परीक्षा के लिए किया गया है। ये परीक्षार्थी ही मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन कर सकेंगे। विज्ञापित पदों से 15 गुणा अधिक अभ्यर्थियों का चयन किया जाना था, लेकिन वर्गवार योग्य अभ्यर्थियों की उपलब्धता के आधार पर इतने ही उम्मीदवारों का चयन किया जा सका है।

### त्रुटि सुधार 3 से

पीएससी द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, त्रुटि सुधार के लिए छात्रों को 3 से 7 मई तक का समय दिया जाएगा। इस दौरान अभ्यर्थी आवेदन भरने के दौरान हुई गलतियां सुधार सकेंगे। इसके बाद कैंडिडेट्स को अतिरिक्त समय त्रुटि सुधार के लिए नहीं मिलेगा। परीक्षा पैटर्न, योग्यता व अन्य मापदंड सहित विस्तृत जानकारी पीएससी ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी है।

### जल्द जारी होगा कैलेंडर

पीएससी द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की तर्ज पर वार्षिक कैलेंडर तैयार किया जा रहा है। इसमें वर्ष भर होने वाली भर्ती परीक्षाओं की जानकारी दी जाएगी। यह कैलेंडर विभाग द्वारा जल्द ही जारी किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न विभागों से उनके संस्थानों में रिक्त पदों की जानकारी मांगी गई है। इसके आधार पर पीएससी अपना परीक्षा कैलेंडर घोषित करेगा। गौरतलब है कि यूपीएससी द्वारा सत्र के प्रारंभ में ही सभी विभागों में रिक्त पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया व परीक्षा तिथि सहित अन्य जानकारियां साझा की जाती हैं। इसी तर्ज पर पीएससी परीक्षार्थियों को भी यह सुविधा मिलेगी।

### व्यापमं प्रवेश परीक्षाएं अगले माह से

व्यावसायिक परीक्षा मंडल प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन मंगाए जा रहे हैं। अधिकतर प्रवेश परीक्षओं के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्रवेश परीक्षाओं की शुरुआत मई माह में प्रीएमसीए के साथ होगी। जून तक प्रवेश परीक्षाओं का यह सिलसिला चलेगा। पीएटी, पीपीएचटी, प्रीएमसीए, बीएड, डीएलएड सहित इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में भर्ती के लिए भी व्यापम ने आवेदन प्रारंभ कर दिए हैं।

## शासकीय कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**मरवाही।** तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ तहसील शाखा मरवाही ने बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम अनुभागीय अधिकारी राजस्व को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में शासकीय सेवकों से निर्वाचन कार्य में सेवा लेने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव अनुसार कार्यवाही करने के संबंध में तहसील शाखा अध्यक्ष आईपी चंद्र के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से शारीरिक रूप से दिव्यांग गंभीर बीमारियों से पीड़ित सुरक्षागत दृष्टिकोण से महिला कर्मचारियों को निर्वाचन कार्य से पृथक रखने 60 वर्ष से अधिक उम्र के कर्मचारियों को निर्वाचन कार्य से पृथक रखना आवश्यकता होने पर निर्वाचन कार्यालय में संलग्न करने एवं वाहन चालकों दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को भी मानदेय दिए जाने के संबंध में ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से आरबी सोनी, जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार राय, राकेश कुमार गुप्ता, गंगा राम पुरी, हर नारायण साहू, उमेश कुमार भोई, जीवन यादव, लक्ष्मण झरिया, विनय जोशी, लालू प्रसाद यादव, केशव प्रसाद कौशिक आदि बड़ी संख्या में कर्मचारी नेता उपस्थित रहे।



## ग्रामीणों को दिलाई गई मतदान की शपथ

**भर्रीडांड़।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मनरेगा श्रमिकों और महुआ बीन रहे ग्रामीणों को शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई। जिले में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान करने से जिले का कोई भी मतदाता नहीं छूटे इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लीना कमलेश मण्डारी के मार्गदर्शन और जिला स्वीप नोडल कौशल प्रसाद तेन्दुलकर के नेतृत्व में बुधवार को मनरेगा श्रमिकों और महुआ बीन रहे ग्रामीणों एवं स्वसहायता समूहों की महिलाओं को उनके कार्यक्षेत्र पर ही शत-प्रतिशत मतदान के जागरूक किया गया और उन्हे स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलाई गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिले में मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इसके तहत जिला आजीविका मिशन प्रबंधक दुर्गाशंकर सोनी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अभिषेक जायसवाल, आंकाक्षी ब्लाक फेलो स्नेह गुप्ता ने मरवाही विकासखण्ड के ग्राम डोंगरिया, सिवनी, अण्डी एवं नगवाही में ग्रामीणों को प्रेरित किया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से सभी वर्ग के मतदाताओं-बैगा जनजाति, दिव्यांग, युवा मतदाता, नववधु मतदाताओं पर विशेष रूप से केन्द्रित किया जा रहा है।






## चंदखुरी में मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को किया प्रोत्साहित

**पथरिया।** ग्राम चंदखुरी में विकासखंड स्तरीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मानव श्रृंखला बनाकर लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव के निर्देशानुसार एसडीएम पथरिया बीआर ठाकुर ने लोकसभा निर्वाचन में सहभागिता के लिए मतदाताओं को शपथ दिलाई और शत-प्रतिशत मतदान मुंगेली जिले का अभिमान का संदेश दिया। स्वीप कार्यक्रम के तहत ग्राम चंद्रखुरी में मतदाता जागरूकता रैली, मानव श्रृंखला, मेहंदी, रंगोली और सेल्फी प्रतियोगिता सहित विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को प्रोत्साहित किया गया। साथ ही 07 मई को लोकसभा निर्वाचन में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले नए मतदाताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ प्रदीप प्रधान एंव नायब तहसीलदार सरगांव के साथ चंदखुरी सरपंच सचिव सहित अधिकारी मौजूद रहे।

# प्राचार्यों से ली गई आयुष्मान कार्ड पूर्ण करने संबंधी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

**मुंगेली।** बीआरसी में बीईओ प्रतिभा मंडलोई एवं आयुष्मान कंसलटेन्ट अखिलेश कौशिक के द्वारा अशासकीय विद्यालयों की बैठक ली गई। बैठक में मतदाता जागरण एवं विद्यालय में अध्यनरत समस्त बच्चों का आयुष्मान कार्ड पूर्ण करने संबंधी जानकारी दी गई।

जिले के अधिकांश विद्यालयों में परीक्षा कार्य पूर्णता की ओर है। जिसके कारण से बच्चों की उपस्थिति कम है, इस कारण से आयुष्मान कार्ड पूर्ण होने में कुछ समय अधिक लग सकता हैं इसकी जानकारी उपस्थित प्राचार्य के द्वारा दी गई। मतदाता जागरण हेतु मानव श्रृंखला, रंगोली, निबंध प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सभी ने अपनी सहमति व्यक्त की। शत प्रतिशत मतदान के लिए सभी लोग शपथ लिए। बैठक में प्रमुख रूप से बीईओ प्रतिभा मंडलोई, अखिलेश कौशिक, कस्तूरबा स्कूल के प्राचार्य ब्रह्मदत्त त्रिपाठी, रामगढ़ सरस्वती शिशु मंदिर से राजेश नामदेव, चारभाटा ग्रामीण सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य नोहर साहू, ओम विद्यापीठ की प्राचार्या माला गुप्ता, आरके पब्लिक स्कूल से एस गुप्ता के साथ-साथ लगभग 40 अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थे।



अशासकीय विद्यालय के प्राचार्यो की बैठक।

## नगर में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**लोरमी।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर नगर पालिका के द्वारा सुबह 11 बजे मतदाता जागरूकता रैली कार्यालय नगरपालिका परिषद से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग में भ्रमण करते हुए मुंगेली चौक, पुराना बस स्टेण्ड होते हुए जनपद मार्ग से डोंगरीपारा, राजाबाडा से फब्बारा चौक, हटरी होते हुए कार्यालय में समापन हुआ तथा फव्वारा चौक में आम नागरिकों, व्यवसायियों के साथ मतदान करने शपथ लिया गया। जिसमें बडी संख्या में कर्मचारी, आम नागरिक, व्यवसायी उपस्थित रहे। मतदाता जागरूकता रैली में मुख्य नगर पालिका अधिकारी लालजी चंद्राकर, उप अभियंता, राजस्व अधिकारी, पंचायत इंस्पेक्टर तथा निकाय के समस्त कर्मचारी, स्वच्छता दीदी, प्लेसमेंट कर्मचारी उपस्थित रहे।

